## खबर संक्षेप

### जिला पंचायत की सामान्य बैठक 29 को

**कटनी।** जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक बुधवार, 29 अप्रैल को दोपहर 12 से जिला पंचायत के सभा कक्ष आयोजित होगी। सीईओ सुश्री हरसिमरनप्रीत कौर ने सर्व संबंधित विभाग प्रमुखों को निर्धारित एजेंडा के अनुसार अद्यतन जानकारी के साथ बैठक में स्वयं उपस्थित होने हेतु निर्देशित किया है। सामान्य सभा की बैठक में पूर्व की बैठक के पालन प्रतिवेदन, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं कृषि विभाग विभाग से संबंधित संचालित विभागीय योजनाओं और कार्यों की प्रगति की समीक्षा के साथ अन्य विषयों पर चर्चा होगी।

### जिला खनिज प्रतिष्ठान की समीक्षा बैठक 24 को

**कटनी।** कलेक्टर आशीष तिवारी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में शुक्रवार 24 अप्रैल को सायं 4 बजे से जिला खनिज प्रतिष्ठान मद अंतर्गत स्वीकृत निर्माण विकास कार्यों की समीक्षा हेतु कलेक्टर कार्यालय में सभागार समीक्षा बैठक आयोजित की गई है। जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं सदस्य सचिव सुश्री हरसिमरनप्रीत कौर ने कार्यपालन यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, कार्यपालन यंत्री जल संसाधन, आयुक्त नगर पालिक निगम सहित सभी संबंधित अधिकारियों को आवश्यक जानकारी सहित निर्धारित समय पर समीक्षा बैठक में उपस्थित रहने के निर्देश दिये हैं।

### संयुक्त टीम ने किया खाद्य पदार्थों की जांच

**कटनी।** जिले के नागरिकों को शुद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने हेतु कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर राजस्व एवं खाद्य सुरक्षा विभाग की संयुक्त टीम द्वारा एक्सीलेंस स्कूल माधव नगर के पीछे स्थित नमकीन एवं रेडी टू ईट सेवियर निर्माण इकाई सुशील सेव भंडार का निरीक्षण किया गया।

### निगम कर्मियों एवं पेंशनर निवारण शिविर कल

कटनी। निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार के निर्देश पर नगर निगम प्रशासन द्वारा कल शुक्रवार 24 अप्रैल को प्रातः 11 बजे से निगम कार्यालय के एम आई सी सभाकक्ष में कर्मचारियों एवं सेवानिवृत कर्मचारियों, पेंशनर्स की नगर निगम कार्यालय से संबंधित समस्याओं के निराकरण हेतु कर्मचारी समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया है। शिविर के दौरान निगमायुक्त कर्मचारियों की समस्या एवं शिकायतों संबंधी आवेदनों पर सुनवाई करेंगी। उपयुक्त शैलेश गुप्ता ने बताया कि शिविर का उद्देश्य निगम के कर्मचारियों व पेंशनरों को एक ही स्थान पर सुविधाजनक समाधान उपलब्ध कराना है, जिससे अनावश्यक विलंब को कम किया जा सके। प्रातः 11 बजे से 1 बजे तक आयोजित होने वाले शिविर में सेवा संबंधी प्रकरण, वेतन, पेंशन, जीपीएफ, अवकाश, सहित अन्य सेवा संबंधी मामलों में प्राथमिकता से सुनवाई की जाकर उनका निराकरण किया जाएगा।

### गेंहू विक्रय करने किसानों को जाना पड़ेगा 40 से 50 किलोमीटर दूर साइलो केन्द्र

# किसानों में आक्रोश, जेब पर पड़ेगा अतिरिक्त भार

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद



रबी विपणन वर्ष 2026-27 के तहत समर्थन मूल्य पर गेंहूँ खरीदी कार्य शुरू हो गया है, लेकिन खरीदी प्रक्रिया शुरू होते ही सवालों के घेरे मै आ गईं है, क्योंकि गेंहूँ खरीदी के लिए बहोरीबंद तहसील के किसानों को इस बार 40 से 50 किलोमीटर की दूरी तय कर अपनी उपज विक्रय करने साईलो केन्द्र जाना पड़ेगा। जिला प्रशासन द्वारा खरीदी शुरू होने से पहले समिति व गोदाम स्तरीय उपार्जन केंद्र बनाये गये थे, लेकिन जैसे ही खरीदी प्रक्रिया शुरू हुई जिला प्रशासन के द्वारा बहोरीबंद तहसील के 17,स्लीमनाबाद तहसील के 2 एवं रीठी तहसील के 3 खरीदी केंद्रों को साईलो बैग सलैया पटोरी में समाहित कर दिया गया यानि अब 22 उपार्जन केंद्रों की गेंहूँ खरीदी साईलो बैग में होगी। जिस कारण किसानों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। दूरी अधिक होने के कारण खरीदी केंद्र तक पहुंचने अन्नदाताओ को वाहनों का किराया इतना अधिक पड़ेगा कि कम उपज वाले नही पहुंच पाएंगे।

जिला प्रशासन द्वारा साईंलो बैग में जिन खरीदी केंद्रों को समाहित किया गया है, उनमे बहोरीबंद तहसील के खरीदी केंद्र बहोरीबंद, हथियागढ़, बचैया, कुआं, कूड़न, किवलारी, बाकल, मसंधा, सिंहुड़ी, बरही (बाकल), इमलिया, कूड़ा, चांदनखेड़ा, देवरी (खरगवां), पथराडी पिपरिया, सलैया कला (पटोरी) और खमतरा इसके अलावा रीठी तहसील के उपार्जन केन्द्र मोहास, बड़गांव और बकलेहटा एवं स्लीमनाबाद तहसील के उपार्जन केन्द्र कौडिया और जुजावल है। इन सभी केन्द्रों के किसान अब जेएसडब्ल्यू इंडस्ट्रीज साइलो, सलैया पटोरी में समर्थन मूल्य पर अपना गेहूं विक्रय कर सकेंगे।

समिति व गोदाम स्तरीय खरीदी केंद्रों मै समर्थन मूल्य पर खरीदी न कराने ओर फिर लंबी दूरी का साईंलो केंद्र बनाये जाने से किसान संघ व कांग्रेस पार्टी विरोध में उतर आई है। दो दिवस पूर्व कांग्रेस ग्रामीण जिलाध्यक्ष कुंवर सौरभ सिंह ने साईंलो बैग खरीदी केंद्र व्यवस्था बंद कर पहले जैसे समिति व गोदाम स्तरीय खरीदी केंद्र बनाये जाने को लेकर कलेक्टर के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौपा। साथ ही अब किसानों ने विरोध जताना शुरू कर दिया है, भारतीय किसान संघ जिलाध्यक्ष अवधेश यादव ने कुआँ सहित जो केंद्र पहले समिति व गोदाम स्तरीय थे उन्हें जस के तस रहने को लेकर मांग की है, मांग पूरी न होने पर किसानों के साथ सड़कों पर उतरकर आंदोलन की चेतावनी दी है। वही जिला प्रशासन गोदामो के धान से भरे होने का हवाला देकर गेंहूँ खरीदी संकट को दूर करने साईंलो केंद्र बनाने का हवाला दे रहा है।

जिला प्रशासन द्वारा 22 केंद्रों को साईलो बैग में समाहित करने के बाद उनके इस निर्णय को लेकर अब किसानों मै आक्रोश शुरू हो गया है। बुधवार को कुआं मंडल के किसान भाजपा जिला उपाध्यक्ष सतीश नायक के नेतृत्व में विधायक प्रणय पांडे से मिला, जहाँ बहोरीबंद क्षेत्र में गेंहूँ खरीदी की पुरानी व्यवस्था यानि जो समिति व गोदाम स्तरीय उपार्जन केंद्र बनाये गये थे उन्हें वैसे बनी रहने की मांग की, साथ ही अल्टीमेटम भी दिया गया कि यदि जल्द से जल्द साईंलो बैग व्यवस्था बंद नही की जाती तो फिर किसान सड़कों पर उतरकर आंदोलन करेगा, किसानो की मांग पर विधायक ने आश्वासन दिया कि जल्द से जल्द समस्या निदान कराई जाएगी। बुधवार को सलैया पटोरी में आधुनिक साइलो केंद्र का विधिवत शुभारंभ किया गया। सहायक आपूर्ति अधिकारी पीयूष शुक्ला द्वारा तिलक लगाकर आत्मीय स्वागत किया गया। इसी के साथ साइलो केंद्र में गेहूं उपार्जन कार्य भी प्रारंभ हो गया।

गौरतलब है कि कलेक्टर की अध्यक्षता में बीते दिनों आयोजित जिला उपार्जन समिति की बैठक में किसानों के हित में महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए साइलो बैग गोदामों की उपलब्ध रिक्त क्षमता के आधार पर जिले के 22 उपार्जन केन्द्रों को सलैया पटोरी साइलो केंद्र से संबद्ध किया गया है।

इस संबंध में सहायक आपूर्ति अधिकारी पीयूष शुक्ला ने बताया कि साइलो केंद्र में गेहूं खरीदी शुरू हो जाने से उपार्जन केन्द्रों पर भीड़ में कमी आयेगी। फसल का सुरक्षित एवं वैज्ञानिक भंडारण होगा और तौल एवं परिवहन प्रक्रिया में सुगमता तथा किसानों को समय पर भुगतान सुनिश्चित होने में मदद मिलेगी।

## प्रथ्वी का बढ़ता तापमान चिंताजनक, पर्यावरण बचाना हम सबकी जिम्मेदारीः अरविंद



हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

शासकीय महाविद्यालय बरही में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एवं ईको-क्लब द्वारा प्राचार्य डॉ. आर. के. त्रिपाठी के मार्गदर्शन एवं प्रभारी कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अरविन्द सिंह के नेतृत्व में विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर पोस्टर प्रतियोगिता एवं कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में डॉ. लवकुश सिंह प्राचार्य शासकीय महाविद्यालय बड़वारा मुख्य वक्ता के रुप में उपस्थित रहें। कार्यशाला के प्रथम चरण में विद्यार्थियों ने पोस्टर में चित्रों एवं स्लोगन के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक किया। कार्यशाला में प्रभारी डॉ. अरविन्द सिंह ने बताया कि पूरी दुनिया में 22 अप्रैल को विश्व पृथ्वी दिवस मनाया जाता है। इस वर्ष दुनिया भर में 56वां पृथ्वी दिवस मनाया जा रहा है। जिसे मनाने के पीछे का मुख्य उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण की तरफ लोगों का ध्यान खींचना है। जिससे कि सभी लोग पृथ्वी को खुशहाल बनाने में अपना योगदान दें। साथ ही बढ़ते तापमान पर भी चिंता जताई एवं कहा कि अगर हम आज सचेत नहीं हुए, तो भविष्य में ऑक्सीजन एवं जल के लिए भी तरसना पड़ेगा। डॉ. के. के. निगम ने बताया कि पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से इस दिवस को मनाने की शुरुआत की गई थी। भारी मात्रा में आज पेड़ो के काटे जाने, जल एवं वायु प्रदूषण के चलते बढ़ती ग्लोबल वार्मिंग की समस्या पूरे विश्व के लिए खतरे का संकेत है। मुख्य वक्ता डॉ. लवकुश सिंह, प्राचार्य बड़वारा ने कहां कि पृथ्वी का संतुलन बिगड़ना सभी के लिए एक बड़ी समस्या है। हर किसी को पर्यावरण संरक्षण में योगदान देना चाहिए। प्राचार्य डॉ. आर. के. त्रिपाठी ने पेड़ों की कटाई को हीट वेव का कारण बताया एवं कहा कि पेड़ों का संरक्षण हम सबकी जिम्मेदारी हैं।

*बड़वारा के ग्राम सुड्डी का मामला, पुलिस ने किया मामला दर्ज*

## खेत की फेंसिंग काटने के विवाद में खूनी संघर्ष, पिता-पुत्र और भांजे पर लाठी-रॉड से किया हमला

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



जिले के बडवारा थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सुड्डी में खेत की तार फेंसिंग (बाउंड्री) काटने के विवाद को लेकर एक ही परिवार के तीन लोगों पर जानलेवा हमला करने का मामला सामने आया है। इस हमले में पिता, पुत्र और उनका भांजा गंभीर रूप से घायल हो गए हैं, जिन्हें उपचार के लिए शासकीय अस्पताल बडवारा में भर्ती कराया गया है।

घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार 21 अप्रैल की शाम करीब 5:15 बजे की है। पीड़ि पक्ष द्वारा पुलिस को दर्ज कराई गई फरियादी धर्मेंद्र विश्वकर्मा (23 वर्ष) अपने पिता पुरुषोत्तम विश्वकर्मा और भांजे सचिन विश्वकर्मा के साथ ग्राम सुड्डी स्थित 'पटिया हार' खेत पर गए थे। वहां उन्होंने देखा कि उनके खेत की तार बाउंड्री कटी हुई थी। जब पुरुषोत्तम विश्वकर्मा ने पड़ोसी खेत मालिक जमुना विश्वकर्मा से तार काटने के संबंध में पूछताछ की, तो विवाद बढ़ गया। आरोप है कि जमुना विश्वकर्मा और उसके दो बेटों उमेश और राकेश ने गालियां देना शुरू कर दिया और विरोध करने पर हथियारों से हमला बोल दिया।

फरियादियों ने बताया कि आरोपियों ने सुनियोजित तरीके से हमला किया है। जमुना और राकेश विश्वकर्मा ने लाठियों से पुरुषोत्तम विश्वकर्मा की पिटाई की। बीच-बचाव करने आए धर्मेंद्र विश्वकर्मा के सिर पर उमेश विश्वकर्मा ने लोहे की रॉड से हमला किया, जिससे वह लहूलुहान हो गया। सचिन को भी लाठियों से पीटा गया, जिससे उसके सिर और हाथ में चोटें आई हैं।

चीख-पुकार सुनकर पवन सेन और जितेंद्र कचेर मौके पर पहुंचे और बीच-बचाव कर घायलों की जान बचाई। शिकायत पर पुलिस ने आरोपियो के खिलाफ संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया।

## विद्यालय में दी गई सर्वाइकल कैंसर की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



पीएम श्री स्कूल खलवारा बाजार कैमोर में 14 वर्ष से अधिक आयु की बालिकाओं और उनके अभिभावकों को सर्वाइकल कैंसर से बचाव के उपायों के प्रति जागरूक करने एक विशेष जागरूकता बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान बालिकाओं और उनके माता-पिता को सर्वाइकल कैंसर के कारणों और लक्षणों की विस्तार से जानकारी दी गई। इस अवसर पर बताया गया कि समय पर टीकाकरण इस बीमारी से बचाव का सबसे प्रभावी तरीका है। कार्यक्रम में उपस्थित माता-पिता को वैक्सीनेशन के महत्व के बारे में समझाइश दी गई, ताकि वे बिना किसी झिझक के अपनी बेटियों का टीकाकरण करवा सकें। जानकारी प्राप्त करने के बाद, अभिभावकों ने सकारात्मक प्रतिक्रिया दी और टीकाकरण हेतु अपने सहमति पत्र जमा किए।

जानकारी देते हुए बताया गया है कि इस बीमारी के संदर्भ में 40 की उम्र के बाद शरीर के किन संकेतों को नजरअंदाज करना भारी पड़ सकता है। उन्होंने ये भी बताया कि कैसे जागरूकता और समय पर जांच से इन जानलेवा बीमारियों को रोका जा सकता है। सर्वाइकल कैंसर महिलाओं में सबसे ज्यादा होने वाले कैंसर में से एक है। इसलिए इसके खिलाफ सावधानी बरतनी बहुत जरूरी है। प्रिवेंटिव चेक-अप से समय रहते सर्वाइकल कैंसर का पता लगाया जा सकता है।

## पोस्टर मेकिंग एव नारा लेखन प्रतियोगिता का हुआ आयोजन,छात्र हुए पुरस्कृत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस शासकीय तिलक स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत पर्यावरण संरक्षण हेतु पोस्टर मेकिंग एवं नारा लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

जल गंगा संवर्धन अभियान का उद्देश्य जन भागीदारी से नदियों, तालाबों, बावड़ियों जैसे जल स्त्रोतों का संरक्षण, पुनर्जीवन और स्वच्छता बनाना है। इसी उद्देश्य की पूर्ति हेतु राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों तथा महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने जल बचाओ, वृक्ष लगाओ विषय पर पोस्टर एवं नारा लेखन जल के महत्व पर लिखकर लोगों को पर्यावरण एवं जल संरक्षण के प्रति जागरूक किया। प्रतियोगिता के माध्यम से स्वयंसेवकों ने आकर्षक पोस्टर तैयार किया और नागरिकों से प्रकृति के संरक्षण की अपील की। विद्यार्थियों ने जल संरक्षण, जल संचयन और जल के महत्व पर आधारित आकर्षक व संदेश परक पोस्टर तैयार किया। प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र देकर पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम के दौरान डॉ रुक्मणी प्रताप सिंह ने कहा कि जल केवल जीवन का आधार ही नहीं, बल्कि सामाजिक समानता का भी महत्वपूर्ण माध्यम है। जल संरक्षण के प्रति सजग रहने और

*अधिकारियों ने नियम विरूद्ध संचालित वाहनों पर की कार्रवाई*

## फिटनेस, परमिट व बीमा के बिना चल रही थी स्कूल बस, की गई कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



बिना परमिट, फिटनेस तथा लाइसेंस के अवैध रूप से संचालित होने वाले वाहनों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही करने के कलेक्टर द्वारा दिये गये निर्देश के पालन में बुधवार को अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी संतोष पॉल द्वारा जिले के विभिन्न मार्गों पर सघन चेकिंग अभियान चलाया गया।

चेकिंग अभियान के दौरान परिवहन विभाग की टीम ने कई वाहनों की जांच की, जिसमें कुछ वाहन नियमों का उल्लंघन करते पाए गए। विशेष रूप से दो यात्री बसें, जो 15 वर्ष की निर्धारित आयु पूर्ण कर चुकी थीं, बिना वैध परमिट के संचालित होती मिलीं। इन बसों के वाहन क्रमांक एमपी-09-एफए-3323 एवं एमपी-21-पी-0225 हैं। नियमों के अनुसार इतने पुराने वाहनों का संचालन सख्त शर्तों के अधीन होता है, और बिना परमिट के इनका संचालन पूरी तरह अवैध है।

उक्त दोनों बसों के विरुद्ध तत्काल कार्रवाई करते हुए उन्हें जब्त कर लिया गया। बस क्रमांक एमपी-09-एफए-3323 को थाना बरही में तथा एमपी-21-पी-0225 को थाना बड़वारा में सुरक्षित रखा गया है।

अभियान के दौरान एक और गंभीर मामला सामने आया, जिसमें एक स्कूल बस क्रमांक एमपी-21-पी0293 कई महत्वपूर्ण दस्तावेजों के अभाव में संचालित होती पाई गई। जांच में यह पाया गया कि उक्त बस के पास न तो वैध फिटनेस प्रमाण पत्र था, न ही परमिट और बीमा उपलब्ध था। इतना ही नहीं, इस वाहन का टैक्स भी वर्ष 2024 से जमा नहीं किया गया था। ऐसे में इस बस से स्कूली बच्चों का परिवहन किया जाना बेहद जोखिम भरा था और किसी भी समय गंभीर दुर्घटना का कारण बन सकता था। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी संतोष पॉल ने तत्काल बस में सवार सभी स्कूली बच्चों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए उन्हें अपने वाहन के माध्यम से सुरक्षित उनके घर तक पहुंचाया। इसके बाद उक्त स्कूल बस को भी जप्त कर थाना बरही में सुरक्षित रखा गया।

# उल्टी दस्त के मरीजों की अस्पतालों में लगने लगी लंबी कतारें

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद





ग्रीष्मकालीन के समय बढ़ती गर्मी ने लोगों को बीमार करना शुरू कर दिया। वर्तमान में जिस प्रकार मौसम के उतार_चढ़ाव से बीमारियां बढ़ने लगी है, जिससे निजी व सरकारी अस्पतालों मैं मरीजों की संख्या बढ़ रही है। आम दिनों के मुकाबले अस्पताल की ओपीडी 100 तक पहुंचने लगी है। इनमें से करीब 10 प्रतिशत मरीज उल्टी-दस्त की शिकायत लेकर अस्पताल पहुंच रहे हैं। इनमें कुछ मरीजों की हालत गंभीर होने के कारण अस्पताल में भर्ती करना पड़ रहा है। उल्टी-दस्त की चपेट में आने वालों में ज्यादातर बच्चे हैं।स्लीमनाबाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मे आम दिनों में अस्पताल की ओपीडी करीब 50 से 40 तक पहुंचती है। लेकिन वर्तमान में 80 से 100 के आसपास ओपीडी पहुंच रही है। वर्तमान में 40 डिग्री से अधिक पारा है, जिसमे तापमान बढने के साथ ही गर्म हवाएं चल रही है। इसका सीधा असर धूप में काम करने वाले लोगों पर पड़ रहा है। शरीर में पानी की कमी से वह उल्टी-दस्त से पीड़ित हो रहे हैं। उल्टी-दस्त से पीड़ित होने वालों में ज्यादा संख्या बच्चों की है। डॉक्टर इलाज कराने के साथ-साथ अस्पताल आने वाले मरीजों को गर्मी के मौसम में खानपान संतुलित रखने और ताजा खाना खाने की सलाह दे रहे ।

गर्मी के मौसम में कई जलस्त्रोत सूख जाते हैं, खासतौर से ग्रामीण क्षेत्र में लोग हैंडपंप या बोर की जगह पर कुआं का पानी पीने मजबूर हो जाते हैं। दूषित पानी पीने से पेट दर्द और उल्टी-दस्त से लोग बीमार हो जाते हैं। अस्पताल में उल्टी-दस्त की शिकायत लेकर आने वालों में अधिकांश मरीज ग्रामीण क्षेत्र के हैं। उल्टी-दस्त और पेट दर्द जैसी समस्याओं से बचने के लिए धूप में ज्यादा समय तक काम न करें। हमेशा ताजा खाना खाने के साथ-साथ पानी भरपूर मात्रा में पीना चाहिए। इसके अलावा बाजार का खाना खाने से बचना चाहिए और बिना डाक्टर की सलाह से कोई भी दवा नहीं लेनी चाहिए। यह सावधानी बरतने से उल्टी-दस्त जैसी समस्या से बचा जा सकता है। स्लीमनाबाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पदस्थ डॉ शिवम दुबे ने बताया कि तेज धूप का असर बच्चों के साथ बड़े लोगो पर भी पड़ रहा है। युवाओं,बुजुर्गो और महिलाओं को भी सावधानी बरतने की आवश्यकता है। बड़े लोगो में डिहाइड्रेशन, उल्टी_दस्त की शिकायत सामने आ रही है। साथ ही लू से भी पीड़ित मरीज आ रहे है।

## अतिक्रमण हटाओ अभियान में निगम प्रशासन हुआ सख्त, की गई कार्रवाई, पांच हजार रूपए का लगाया स्पॉट फाइन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



शहर के नागरिकों को सुगम एवं व्यवस्थित यातायात सुनिश्चित करने के उद्देश्य से नगर निगम के अतिक्रमण अमले द्वारा लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में बुधवार को नगर के प्रमुख मार्गों एवं व्यस्त क्षेत्रों में सख्त कार्रवाई करते हुए सड़क किनारे खड़े अव्यवस्थित एवं बाधा उत्पन्न करने वाले वाहनों को हटाया गया।

इस संबंध में निगम के अतिक्रमण प्रभारी मानेन्द्र सिंह ने बताया कि निगम की टीम द्वारा नगर के विभिन्न मुख्य मार्गो गांधी द्वार, गर्ग चैराहा, खिरहनी ओवर ब्रिज सहित नगर के अन्य स्थलों में चलाए गए अभियान के दौरान मुख्य मार्ग के अस्थाई अतिक्रमणों एवं फुटकर दुकानदारों हांथ ठेला संचालकों को हटाकर एवं व्यवस्थित निर्धारित स्थलों पर भेजकर मार्ग को व्यवस्थित करनें की कार्यवाही की गई। अभियान के दौरान मार्ग में अव्यवस्थित रूप से नो पार्किंग में खडे टू व्हीलर एवं फोर व्हीलर वाहनों को क्रेन एवं टोइंग वाहन की सहायता से हटाया गया, जिससे आवागमन में आ रही बाधाएं दूर की जा सकें।

इस दौरान संबंधित वाहन मालिकों को समझाइश भी दी गई कि वे निर्धारित स्थानों पर ही वाहन खड़े करें, ताकि आमजन को किसी प्रकार की असुविधा न हो। इस कार्यवाही के दौरान 10 लोगों पर 5000 रुपये की स्पॉट फाइन की कार्यवाही भी की गई। नगर निगम प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि सड़क एवं सार्वजनिक स्थलों पर अतिक्रमण किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं है और ऐसे मामलों में निरंतर कार्रवाई जारी रहेगी।

## खबर संक्षेप



### वेदपाठियों के लिए शुरू हुई निःशुल्क योग कक्षाएं

**कटनी।** श्री रंगनाथ मंदिर स्थित सत्संग हॉल में योगाचार्य विनोद सेठिया के श्री गरुड़ध्वज वेद पाठशाला के छात्रों एवं अध्यापकों के लिए निशुल्क योग कक्षाएं प्रतिदिन प्रातः 6:30 बजे से 7:30 बजे तक शारीरिक आरोग्य, एवं आध्यात्मिक उन्नति की दृष्टि से प्रारंभ की गई हैं। उल्लेखनीय है कि इन योग कक्षाओं का लाभ आम नागरिक भी उठा सकेंगे जिन्हें इसका लाभ लेना हो वह योग गुरु विनोद सेठिया से संपर्क कर अपना नाम अंकित करा सकेंगे। श्री गरुड़ ध्वजा वैदिक शिक्षा समिति के उपाध्यक्ष पंडित रामाधार गौतम ने बताया कि समिति के पूर्व अध्यक्ष रमेश शुक्ला, पण्डित सुनील उपाध्याय,रामेश्वर तिवारी, पंडित राजेंद्र गर्ग, मधुसूदन गट्टानी, मथुरा सोनी, श्रवण बजाज सहित सभी आचार्यों ने इस पहल का स्वागत करते हुए अधिक से अधिक लाभ लेने की नागरिकों से अपील की है।

### भीमराव अम्बेडकर के जीवन पर हुआ व्याख्यान



**कटनी।** बहोरीबंद विकासखण्ड में म.प्र जन अभियान परिषद द्वारा संचालित मुख्यमंत्री समुदाय नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम अंतर्गत अध्ययनरत बीएसडब्ल्यू एवं एमएसडब्ल्यू छात्रों की कक्षाओं में डॉ. भीमराव अम्बेडकर जयंती के उपलक्ष्य में पखवाड़े के तहत व्याख्यान माला कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा डॉ. भीमराव अम्बेडकर के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। इस अवसर पर समाजसेवी गोविंद प्रसाद सोनी, लोकेश ब्योहार, जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक डॉ. तेज सिंह केशवाल, समन्वयक अरविन्द शाह, पीएचई विभाग से विकासखण्ड समन्वयक सत्यप्रकाश हल्दकार, अमोच सरपंच नरेश दाहिया एवं रामेश्वर पटेल का स्वागत किया गया। कार्यक्रम में रामेश्वर पटेल एवं नरेश दाहिया द्वारा डॉ. अम्बेडकर के जीवन संघर्षों एवं समाज सुधार से जुड़े प्रेरणादायक गीत प्रस्तुत कर विद्यार्थियों को प्रेरित किया गया। वहीं लोकेश ब्यौहार द्वारा डॉ. अम्बेडकर के संविधान निर्माण में योगदान एवं महिलाओं के अधिकारों पर प्रकाश डाला गया।

### अज्ञात चोर ने स्कूटी पार की, मामला दर्ज

**कटनी।** माधव नगर थाना में एक स्कूटी चोरी होने का मामला दर्ज किया गया है। फरियादी विविध वर्मा पिता विजय वर्मा ने शिकायत दर्ज कराते हुए बताया कि वह अपनी नीले कलर की स्कूटी क्रमांक MP 21 S 1075 को खडी कर चाय पी रहा था इस दौरान अज्ञात ने उसकी स्कूटी पार कर दी, शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज करते हुए विवेचना में लिया।

## सूरज ने दिखाए गर्म तेवर, लू से बढ़ा हीट स्ट्रोक का खतरा, रहें सतर्क

# भीषण गर्मी से हाल बेहाल, 41 पहुंचा तापमान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

भीषण गर्मी अपना असली रंग दिखाने लगी है। आसमान से मानों सूर्य देव आग बरसा रहे हों और सब कुछ झुलसा देने पर आमादा हो। दिन के समय इतनी तेज धूप और गर्मी पड़ रही है कि बाहर निकलना मुश्किल हो जा रहा है। यही कारण है कि दोपहर के समय ज्यादातर सड़कें और गलिया वीरान हो जा रही हैं। सुबह नौ बजे से ही लोगों को सूरज की तपन चुभने लगती है।

बुधवार को तापमान 41 डिग्री रहा, दोपहर में मानों आग बरस रही हो, एक दिन पहले ही मौसम विभाग ने लू चलने की संभावना जताई थी, जिला प्रशासन की ओर से बढ़ते तपन भरे मौसम में लोगों को सतर्क रहने की समझाइश भी दी गई है।

दोपहर के वक्त अब सड़कों पर सन्नाटा पसरा नजर आ रहा है. यहां सुबह 11 बजे के बाद से ही चहल पहल बंद हो रही है. मौसम विभाग ने भी लोगों को बहुत जरूरी होने पर ही घरों से बाहर निकलने की सलाह दी है। दिन के साथ साथ अब रात में भी गर्मी का ने लोगों का हाल बेहाल बना रखा है।

भीषण गर्मी के बढ़ते प्रकोप के चलते लोग भी सतर्क नजर आने लगे हैं, दिन की धूप से बचते हुए लोग रात का इंतजार करते हैं कि राहत मिलेगी। लेकिन रात में भी तापमान काफी ज्यादा बढ़ने लगा है।

#### विद्युत सप्लाई कर रही परेशान

आग बरसाने वाली गर्मी के साथ साथ विद्युत सप्लाई बार बार अवरूद्ध होने के कारण लोगों का हाल और भी खराब हो जाता है, गर्मी के इस मौसम में अब लगभग रोजाना ही विद्युत सप्लाई आंख मिचौली का खेल खेलने लगी है, जिससे तपन भरे घरों में भीषण गर्मी से लोग परेशानियों का सामना कर रहे हैं। दिन के साथ साथ रात को भी किसी भी समय सप्लाई बंद हो जाती है।

### गर्मी में जरा सी लापरवाही पड़ सकती हैं भारी, नौनिहाल बच्चों का रखें खास ख्याल



इस भीषण गर्मी में छोट बच्चों (नौनिहालों) को सुरक्षित रखने के लिए विशेष देखभाल की आवश्यकता है। शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ सौरभ चौधरी का कहना है कि जिस प्रकार मौसम अपना रूद्र रूप दिखा रहा है ऐसे में नौनिहाल बच्चों की विशेष देखभाल की आवश्यकता है। नौनिहाल बच्चों को हाइड्रेटेड रखें, हल्के सूती कपड़े पहनाएं, और सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे के बीच बाहर निकालने से बचें। शरीर को ठंडा रखने के लिए पानी, लस्सी, नारियल पानी या ओआरएस का घोल बार-बार दें। बच्चों को तेज धूप, सनबर्न और निर्जलीकरण (dehydration) से बचाने के लिए छायादार स्थानों में रखें।

चार से पांच साल के ऊपर की उम्र के बच्चों को थोड़ी-थोड़ी देर में पानी, ताजे फलों का रस, लस्सी या नींबू पानी देते रहें। हल्का और सुपाच्य भोजन दें। तरबूज, खरबूजा, खीरा, ककड़ी जैसे पानी से भरपूर फल खिलाएं। बच्चों को हल्के रंग के, ढीले और सूती (cotton) कपड़े पहनाएं ताकि त्वचा सांस ले सके। दोपहर में घर से बाहर न निकलें। अगर बाहर जाना जरूरी हो, तो टोपी, छाता या हल्की टोपी का प्रयोग करें।

घर को ठंडा और हवादार रखें। सीधी धूप को रोकने के लिए परदे बंद रखें। बच्चों को दिन में 1-2 बार नहलाएं। गर्मियों में होने वाले रैशेज (घमौरियां) से बचाने के लिए साफ-सफाई का ध्यान रखें। बच्चों को कभी भी पार्क की हुई गाड़ी में बंद न छोड़ें। यदि बच्चे को बुखार, उल्टी, सुस्ती या पानी की कमी के लक्षण दिखें, तो तुरंत डॉक्टर से परामर्श लें।

डॉ. चौधरी ने बताया कि गर्मी में दोपहर के समय खासकर 12 बजे से सायं 4 बजे तक तापमान में बढ़ोतरी हो जाती है। तेज गर्मी में धूप के सीधा संपर्क में आने से बच्चों में लू लगने का खतरा बढ़ जाता है। इससे तेज बुखार भी हो सकता है। बच्चे इस मौसम में डायरिया, पेट दर्द, उल्टी, दस्त, हीट स्ट्रोक, पीलिया आदि जैसे रोग की गिरफ्त आ सकते हैं, ऐसे में सावधानी अवश्य रखें।



## डैम से पानी न छोड़े जाने पर बढ़ गया जल संकट, सूख रहे अन्य जल स्त्रोत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उमरियापान

भीषण गर्मी के चलते जहां एक ओर ग्रामीण पहले से ही परेशान हैं, वहीं उमरियापान क्षेत्र से गुजरने वाली नर्मदा दाई तट नहर में पिछले एक महीने से पानी नहीं होने के कारण समस्या कई गुना बढ़ गई है। क्षेत्र की नहर पूरी तरह सूखी पड़ी है। हालात ऐसे हैं कि नहर में एक बूंद पानी तक नजर नहीं आ रहा। नहर का स्वरूप अब खेल मैदान की तरह सपाट दिखाई देने लगा है। नहर में पानी नहीं होने से ग्रामीणों का निस्तार पूरी तरह ठप हो गया है, वहीं किसानों की सिंचाई व्यवस्था भी प्रभावित हो गई है। किसानों के खेतों में खड़ी फसलें सूखने की कगार पर हैं, जिससे आर्थिक नुकसान की आशंका बढ़ती जा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि नहर में पानी न आने से क्षेत्र का जल स्तर लगातार गिरता जा रहा है। इसका असर आसपास के कुओं, तालाबों और नदियों पर पड़ रहा है। जल स्त्रोतों का जलस्तर तेजी से कम हो रहा है। नहर किनारे बसे गांवों में पेयजल संकट भी धीरे-धीरे गंभीर रूप लेता जा रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि गर्मी के दिनों में यदि नहर में पानी नहीं रहता, तो आसपास के जल स्त्रोत भी प्रभावित हो जाते हैं। गांवों की जल सप्लाई पर असर पड़ता है। जल स्तर कम होने के कारण नलों में मटमैला और गंदा पानी आने लगता है, जिससे लोगों के स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। किसानों का कहना है कि समय पर सिंचाई नहीं मिलने से फसलें सूख रही हैं। ग्रामीण जनों को जीवन पूरी तरह प्रभावित हो रहा है। ग्रामीणों और किसानों ने प्रशासन से मांग की है कि गर्मी के इन दिनों में नहर में पानी छोड़ा जाए, ताकि जल संकट से राहत मिल सके।

इस संबंध में नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण कार्यपालन यंत्री अनिल तिवारी का कहना है कि डैम के नजदीक काम चल रहा है। इस कारण डैम से ही पानी नहीं छोड़ा गया है। थोड़ा बहुत पानी नहर में छोड़ा जाए, इसके लिए प्रयास किये जायेंगे।

*निगमायुक्त ने आम जनों से स्वगणना में भाग लेने की अपील*

## जनगणना से मिलेगा सटीक डेटा, नागरिक स्व गणना मे लें भागीदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



नगर निगम आयुक्त सुश्री तपस्या परिहार ने नागरिकों से अपील करते हुए कहा है कि जनगणना की प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है, जो शासन की योजनाओं के सटीक क्रियान्वयन एवं समग्र विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने बताया कि 30 अप्रैल तक स्व-गणना के लिए ऑनलाइन फॉर्म भरने की सुविधा उपलब्ध है, जिसमें अब केवल 8 दिन शेष हैं।

निगमायुक्त ने जानकारी दी कि नगर निगम के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के बीच स्व-गणना फॉर्म भरने को लेकर विशेष उत्साह देखा जा रहा है, जो अन्य नागरिकों के लिए भी प्रेरणादायक है। उन्होंने आमजन से जनगणना पोर्टल https://se.census.gov.in पर इस प्रक्रिया में बढ़-चढ़कर भाग लेने का आग्रह किया है, ताकि अधिक से अधिक लोग स्वयं अपनी जानकारी दर्ज कर सकें।

उन्होंने बताया कि स्व-गणना फॉर्म सरल एवं सहज है, जिसमें लगभग 34 सामान्य प्रश्न शामिल हैं। इनमें आवास की स्थिति, कमरों की संख्या, मकान का प्रकार (कच्चा या पक्का), उपलब्ध मूलभूत सुविधाएं तथा शौचालय जैसी जानकारियां शामिल हैं, जिन्हें नागरिक आसानी से भर सकते हैं।

सुश्री परिहार ने इसे डिजिटल इंडिया की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताते हुए कहा कि यह पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन है, पोर्टल पर जाकर राज्य चुनें, परिवार के मुखिया का नाम और मोबाइल नंबर दर्ज करें, अपने घर की लोकेशन मैप पर मार्क करें,जरूरी जानकारी भरकर सबमिट करने पर प्रत्येक नागरिक को 11 अंकों की एक विशिष्ट आईडी प्रदान की जाएगी। इस आईडी के माध्यम से दर्ज की गई जानकारी सुरक्षित रूप से संग्रहीत रहेगी और आवश्यकता पड़ने पर उपयोग में लाई जा सकेगी।उन्होंने बताया कि 1 मई से प्रगणकों द्वारा घर-घर जाकर जानकारी एकत्र करने की प्रक्रिया प्रारंभ होगी। ऐसे में यदि नागरिक निर्धारित समय सीमा के भीतर स्व-गणना फॉर्म भर देते हैं, तो आगे की प्रक्रिया और अधिक सुगम एवं त्वरित हो जाएगी।

## 12 हजार से अधिक किशोरियों को लगा टीका

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

किशोरी बालिकाओं को सर्वाइकल कैंसर से बचाव हेतु 28 फरवरी से शुरू हुये एचपीव्ही (ह्यूमन पैपिलोमा वायरस) के टीकाकरण अभियान के तहत जिले को एचपीवी टीकाकरण के लिए मिले 12 हजार 613 लक्ष्य के विरुद्ध अब तक 12 हजार 260 किशोरी बालिकाओं को एचपीवी टीका लगाया जा चुका है, जो कि निर्धारित लक्ष्य का 97 फीसदी है। जिले को मिले लक्ष्य की पूर्ति मई माह तक करना है। लेकिन कलेक्टर आशीष तिवारी द्वारा इसकी सतत समीक्षा व पर्यवेक्षण की वजह से टीकाकरण कार्य में तेजी आई है।

टीकाकरण के मामले में ढीमरखेड़ा और रीठी ने समय से पहले ही 100 फीसदी लक्ष्य पूरा कर लिया है। जबकि विजयराघवगढ़ और कटनी नगर 98 फीसदी लक्ष्य पूरा कर चुके हैं। इसी प्रकार बहोरीबंद ने 97 प्रतिशत, बरही ने 96 प्रतिशत और बड़वारा ने 91 प्रतिशत लक्ष्य पूरा कर लिया है।

कलेक्टर आशीष तिवारी ने शिक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया है कि नवीन शैक्षणिक सत्र जारी है। अधिकाशतः 14-15 वर्ष की किशोरी बालिकायें कक्षा 8वीं, 9वीं,10 वीं में अध्ययनरत होती हैं। इन्हें सवाईकल कैंसर की बीमारी और इससे बचाव तथा एचपीव्ही टीकाकरण के प्रति जागरूक और प्रोत्साहित करें।

कलेक्ट ने राजस्व विभाग के सभी अनुविभागीय अधिकारियों को विकासखंडवार खण्ड चिकित्सा अधिकारियों, महिला एवं बाल विकास विभाग के परियोजना अधिकारियों, विकासखण्ड शिक्षा अधिकारियों और बीआरसी के साथ बैठक आयोजित कर एचपीव्ही टीकाकरण के लक्ष्य प्राप्ति हेतु कार्ययोजना बनाकर शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करना सुनिश्चित करने के निर्देश दिये हैं।

कलेक्टर ने किशोरी बालिकाओं के माता-पिता, पालकों और अभिभावकों से अपील करते हुए कहा है कि एचपीवी वैक्सीन पूरी तरह से सुरक्षित, प्रभावी और वैज्ञानिक रूप से प्रमाणित है। यह बाजार में लगभग 4 हजार रुपये की आती है, लेकिन शासन द्वारा इसे निःशुल्क उपलब्ध कराया जा रहा है। इसलिये सभी पालक व अभिभावक अपनी 14 से 15 वर्ष की बेटियों को एचपीवी टीका अवश्य लगवायें। वैक्सीन का एक टीका गर्भाशय एवं ग्रीवा कैंसर के प्रति भविष्य में बेटियों को जीवनभर की सुरक्षा की गारंटी देगा और उन्हें गंभीर रोग से बचाएगा।

## अंबेडकर जयंती पर संगोष्ठि का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय में संविधान शिल्पी डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135 वीं जयंती के अवसर पर कार्यक्रमों की श्रृंखला के अंतर्गत जिला स्तरीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।संगोष्ठी में राज्यसभा सांसद सुमित्रा बाल्मीकि, भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष पंकज सिंह तेकाम, जिलाध्यक्ष दीपक टण्डन, विधायक संदीप जायसवाल, अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश महामंत्री सोहन सिंह, अजजा मोर्चा की जिला प्रभारी एकता ठाकुर, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रामरतन पायल एवं शशांक श्रीवास्तव,मंचासीन रहे। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री सुखदेव चौधरी ने किया। प्रस्तावना उद्बोधन देते हुए जिलाध्यक्ष दीपक टण्डन ने बाबा साहेब के जीवन, कृतित्व और व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि समानता और सामाजिक न्याय के लिए उनके प्रयास सदैव प्रासंगिक रहेंगे। उन्होंने कहा कि उनके बताए आदर्शों पर चलना ही सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

संगोष्ठी को संबोधित करते हुए अनुसूचित जन जाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष पंकज सिंह तेकाम ने कांग्रेस पर बाबा साहेब के अपमान का आरोप लगाते हुए कहा कि उनका जन्म महू में हुआ, लेकिन कांग्रेस सरकारों ने उनके जन्मस्थान की उपेक्षा की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बाबा साहेब से जुड़े स्थलों का व्यापक विकास हुआ है। तेकाम ने कहा कि कांग्रेस ने बाबा साहेब के नाम पर केवल वोट बैंक की राजनीति की, जबकि उनके विचारों और सम्मान को नजरअंदाज किया।

*यात्रियों की जान के साथ खिलवाड़, प्रशासन को बड़े हादसे का इंतजार*

## मालवाहक व ऑटों में ठूंस ठूंस कर भरी जा रहीं सवारियां, जिम्मेदार लापरवाह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद



शादी-विवाह का सीजन शुरू होते ही विभिन्न रूटों में चलने वाले यात्री वाहनों खासकर बसों के बारात में बुकिंग के कारण और जिन रूटो में आवागमन के लिए बस कम चल रही है उन रूटों में लोगों का ऑटो या माल वाहक वाहनों में सफर करना मजबूरी हो गई है। इन वाहनों की कमी के कारण इन दिनों स्लीमनाबाद व बहोरीबंद तहसील के ग्रामीण अंचलों के रूटों में ऑटो तथा माल वाहक वाहनों यथा पिकअप, ट्रैक्टर व मिनी ट्रकों में यात्रियों को क्षमता से अधिक बिठाकर सफर कराया जा रहा है, जिससे सडक़ हादसों का खतरा बढ़ गया है। तहसील मुख्यालय से ही ऑटो वाहनों में क्षमता से अधिक सवारी बिठाकर फर्राटे मार रहे हैं, लेकिन जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा कार्रवाई नहीं की जा रही है। वहीं मालवाहक वाहनों में भी बड़ी संख्या में बैठकर लोग सफर कर रहे हैं, जो बड़े हादसे को आमंत्रण दे रहा है। ग्रामीण अंचलों में गरीब परिवार के लोग पैसा बचाने के चक्कर में बारात ले जाने के लिए यात्री वाहनों की जगह माल वाहन बुक कर ले जा रहे हैं। क्योंकि यात्री वाहनों का किराया ज्यादा होता है और माल वाहक वाहन की अपेक्षा उनमें कम लोग सवार होते पाते हैं, ऐसे में लोगों द्वारा बाराती ले जाने के लिए मिनी ट्रक, पिकअप व ट्रैक्टर जैसे वाहन बुक किये जाते हैं, जिसमें चालीस से पचास लोगों को बिठाकर सफर किया जाता है। माल वाहक वाहनों में यात्रियों की सुरक्षा की दृष्टि से किसी तरह के इंतजाम नहीं होते, जिससे यदि कभी यात्रियों से भरे माल वाहक वाहन पलटते हैं तो बड़ी जनहानि होती है।

माल वाहक वाहनों में यात्रियों को बिठाकर पुलिस के सामने से वाहन संचालक निकल रहे हैं। पुलिस द्वारा ऐसे वाहनों के खिलाफ कार्रवाई नहीं की जा रही है। ग्रामीण अंचलों के थानों व पुलिस चौकियों के सामने से भी माल वाहक वाहनों में बारातियों को भरकर ले जाया जा रहा है, यदि पुलिस द्वारा ऐसे वाहनों को रोका भी जाता है तो महज अर्थदंड की कार्रवाई कर छोड़ दिया जाता है, और पुलिस के सामने ही वाहन संचालक यात्रियों को भरकर रवाना हो जाते हैं।

### कमिश्नर ने लापरवाही करने वाले अधिकारियो की ली क्लास, लगाई फटकार

# योजनाओं को पूरा करने लाएं गति, गुणवत्ता से न हो समझौता: निगमायुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

प्रशासन का उद्देश्य केवल कागजी कार्रवाई तक सीमित न रहकर वास्तविक रूप से आमजन को राहत पहुंचाना है। विभागीय अधिकारी शासकीय योजनाओं एवं प्राप्त आवेदनों की नियमित समीक्षा करते हुए समय-सीमा का कड़ाई से पालन करें तथा निराकरण की गुणवत्ता सुनिश्चित करें। यह निर्देश निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार ने बुधवार को आयोजित समय-सीमा बैठक में विभाग प्रमुखों को दिए।

बैठक में निगमायुक्त ने जनसुनवाई, न्यायालयीन प्रकरणों, मानवाधिकार संबंधी पत्रों की समीक्षा करते हुए सभी दायित्वों का समयबद्ध निर्वहन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। नगर निगम की विभिन्न शाखाओं से संबंधित चिन्हित समय सीमा के प्रकरणों की विस्तार से समीक्षा कर शिकायतों के गंभीर एवं संतोषजनक निराकरण पर जोर दिया गया। बैठक में उपायुक्त शैलेष गुप्ता सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

#### अवैध कॉलोनियों व जर्जर भवनों पर सख्ती

निगम सीमा में चिन्हित अवैध कॉलोनियों के प्रकरणों की समीक्षा करते हुए शेष मामलों में एफआईआर दर्ज करने एवं नियमित वार्ड भ्रमण कर नई कॉलोनियों पर त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए गए। साथ ही वर्षा ऋतु से पूर्व जर्जर भवनों को चिन्हित कर नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित करने कहा गया।

#### आवास योजना में लाएं प्रगति

प्रधानमंत्री आवास योजना (बीएलसी एवं एएचपी) के अंतर्गत पूर्ण, प्रगतिरत एवं अपूर्ण आवासों की स्थिति की समीक्षा करते हुए किश्तों के वितरण, आरसीसी वसूली एवं विद्युत कनेक्शन की प्रक्रिया में तेजी लाने के निर्देश दिए गए। हितग्राहियों को 10 दिवस के भीतर विद्युतीकरण पूर्ण कराने के लिए एमपीईबी के माध्यम से आवश्यक समन्वय करने के लिए निर्देशित किया गया है।



#### अमृत योजना पर जोर

अमृत योजना अंतर्गत पाइपलाइन विस्तार, हाउस कनेक्शन एवं एसटीपी सिविल कार्यों की साप्ताहिक प्रगति की समीक्षा करते हुए अतिरिक्त श्रमिक एवं मशीनरी लगाकर कार्यों को गति देने के निर्देश दिए गए। साथ ही पेयजल आपूर्ति, जल गुणवत्ता परीक्षण एवं टैंकर व्यवस्था की समीक्षा कर शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने पर विशेष ध्यान देने को कहा गया।

#### ट्रांसफार्मर शिफ्टिंग कार्य शीघ्र पूर्ण करें

जगन्नाथ चौक से घंटाघर तक सड़क चौड़ीकरण के बाद ट्रांसफार्मर शिफ्टिंग में आ रही बाधाओं को लेकर निगमायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को स्थानीय नागरिकों से समन्वय स्थापित कर कार्य शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए।

#### जल गंगा संवर्धन अभियान में लाएं जनभागीदारी

नगर की प्रमुख नदियों के सीमांकन एवं जल स्त्रोतों के आसपास अतिक्रमण हटाने के कार्यों में तेजी लाने के निर्देश देते हुए निगमायुक्त ने जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जनसहभागिता बढ़ाने एवं नागरिकों को जल संरक्षण के प्रति जागरूक करने पर बल दिया।

#### इन विषयों की भी समीक्षा

निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार ने पीएम स्ट्रीट वेंडर योजना, संबल योजना एवं ई-केवाईसी प्रकरणों के निराकरण, कर्मचारी समस्या निवारण शिविर आयोजन, आगामी वर्षा ऋतु हेतु पौधारोपण की तैयारी, ट्रांसपोर्ट नगर में निष्क्रिय आवंटनों की निरस्तीकरण प्रक्रिया, प्रेमनगर में निर्मित दुकानों की नीलामी, डेयरी संचालकों पर कार्रवाई तथा फिश पार्लर निर्माण कार्य में तेजी लाने के निर्देश भी दिए गए। बैठक में कार्यपालन यंत्री सुधीर मिश्रा, असित खरे, अंशुमान सिंह, राजस्व अधिकारी जागेश्वर पाठक, सहायक यंत्री अनिल जायसवाल, आदेश जैन, सहित उपयंत्री पवन श्रीवास्तव सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## सड़कों पर खड़ा कर रहे वाहन, लगा रहता है जाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलौड़ी



स्थानीय मुख्य मार्ग में सड़क पर ही वाहन खड़े करने के कारण यातायात व्यवस्था प्रभावित हो रही है । कुछ दुकानदार अपनी दुकान को सड़क ही तक फैल लेते है जिसके कारण वाहन और पैदल जाने आने वालों को बहुत दिक्कत होती है। मुख्य मार्ग बीरिया से बस स्टैंड तक लगातार दोनों किनारों पर पैदल आने जाने लोगों के लिए फुटपाथ पर लगातार अतिक्रमण बढ़ रहा है ।

प्रशासन की चुप्पी के कारण सड़क की किनारे की सरकारी भूमि पर पक्के निर्माण हो रहे है जिसके कारण यातायात व्यवस्था चौपट हो रही है। सड़क पर ही पैदल जाने आने वालों लोगो को वाहन से दुर्घटना होने की स्भवाना होती है । साप्ताहिक बाजार में सिलौंडी बस स्टैंड और अन्य स्थान पर अवैध रूप से सड़क पर ही वाहन की घंटों खड़ा होने के कारण बार बार जमा लगता है । ग्राम के जागरूक लोगों ने प्रशासन से यातायात व्यवस्था बनाने की मांग किया है । मां बीरासन जाने वाले मुख्य मार्ग में सड़क पर ही अस्थाई पार्किंग बनाकर दिन भर वाहन खड़े रखने से भी आने जाने वाले लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

## खबर संक्षेप

### टोरिया मोहल्ले में युवक ने फांसी लगाकर दी जान, कारण अज्ञात

**छतरपुर।** सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले वार्ड नंबर 6, टोरिया मोहल्ले में एक युवक द्वारा आत्मघाती कदम उठाने का मामला सामने आया है। यहाँ रहने वाले सोहनलाल अहिरवार ने अज्ञात कारणों के चलते अपने घर पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना मिलते ही सिटी कोतवाली पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को फंदे से उतारकर घटनास्थल का निरीक्षण किया और मर्ग कायम कर पंचनामा तैयार किया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। परिजनों की उपस्थिति में आज जिला अस्पताल में मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराया गया, जिसके बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है।

### दूल्हे की गाड़ी ने बुजुर्ग को कुचला, मौत

**छतरपुर।** जिले के बड़ामलहरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सूरजपुरा में एक खुशी का माहौल उस वक्त मातम में बदल गया, जब दूल्हे की गाड़ी (मोरकार) की चपेट में आने से एक बुजुर्ग की जान चली गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, छोटा वंशकार (70 वर्ष), पिता करिया वंशकार, निवासी बड़ामलहरा, अपने भांजे की बारात में शामिल होने के लिए ग्राम मातगुवां से सूरजपुरा गए थे। बारात के दौरान वह पैदल चल रहे थे, तभी दूल्हे के लिए सजी मोरकार ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। हादसे के तुरंत बाद घायल बुजुर्ग को आनन-फानन में बड़ामलहरा अस्पताल ले जाया गया। वहां उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए डॉक्टरों ने उन्हें जिला अस्पताल छतरपुर रिफर कर दिया। हालांकि, जिला अस्पताल पहुँचते ही डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। बुधवार को पुलिस की मौजूदगी में मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराया गया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

### तौल व्यवस्था सुद्रण सुनिश्चित करने और समय पर रसीद देने के दिए आवश्यक दिशा- निर्देश

# कलेक्टर ने उपार्जन केंद्रों का किया निरीक्षण किसानों की सुविधा पर दिया विशेष जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबेरा

गेहूं उपार्जन केंद्रों के निरीक्षण के लिए जिले के कलेक्टर प्रताप नारायण यादव ने शासन द्वारा स्थापित उपार्जन केंद्रों की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसानों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो और उनका माल समय पर तौला जाए। निरीक्षण के दौरान उन्होने पाया कि कुछ केंद्रों पर अव्यवस्थाएं मौजूद हैं।

उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि तौल प्रक्रिया में देरी न हो और अधिकतम एक घंटे के भीतर किसानों का माल तौल लिया जाए। इसके लिए आवश्यकतानुसार कांटे (वजन मशीन) और लेबर बढ़ाने के निर्देश भी दिए। कलेक्टर श्री यादव ने कहा कि किसानों के लिए छाया और पेयजल की उचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि उन्हें इंतजार के दौरान परेशानी न हो। साथ ही, शासन द्वारा निर्धारित मात्रा का ही पालन किया जाए और उससे अधिक तौल न किया जाए। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि तौल के बाद किसानों को सही और प्रमाणित रसीद दी जाए, जिस पर सील और हस्ताक्षर होना अनिवार्य है। कलेक्टर श्री यादव ने कंट्रोल रूम के नंबर को सभी केंद्रों पर स्पष्ट रूप से प्रदर्शित करने के निर्देश दिए, ताकि किसान किसी भी समस्या की स्थिति में तुरंत संपर्क कर सकें। उन्होंने कहा इन व्यवस्थाओं का उद्देश्य किसानों को उनकी उपज का विक्रय सहज और पारदर्शी तरीके से सुनिश्चित करना है, जिससे उन्हें समय पर पूरा मूल्य मिल सके। इस अवसर पर कलेक्टर श्री यादव ने जबेरा सहित तीन उपार्जन केंद्रो का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने गोदाम केंद्र पर अनाज रखा गया था, वहां पर भी जाकर उसका अवलोकन किया, अनाज का सामने से वजन करवाया और यहां मौजूद किसानों से चर्चा की उनकी बातें सुनी, उन्होंने कहा कोई समस्या हो तो बताएं और समस्या होने पर कंट्रोल रूम का नंबर प्रदर्शित किया गया है। उस पर अपनी शिकायत दर्ज कर सकते हैं, इस अवसर पर एसडीएम छोटे गिरी गोस्वामी, तहसीलदार सोनम पांडे, सहायक आपूर्ति अधिकारी आदित्य दहिया, नायब तहसीलदार श्री साहू सहित अन्य संबंधित अधिकारी और खरीदी केंद्र प्रभारी मौजूद रहे।



## आम आदमी पार्टी ने सौंपा ज्ञापन



**दमोह।** आम आदमी पार्टी द्वारा बुधवार 22 अप्रैल को सुबह 11 बजे सिविल वार्ड नं 01 में व्याप्त जल संकट के चलते मुख्य नगर पालिका अधिकारी एवं कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया जिसमें उन्होंने आश्वासन दिया है कि 15 दिनों के अंदर पाइप लेने डलवा देंगे । ज्ञापन के दौरान समस्त पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही। आम आदमी पार्टी दमोह द्वारा जिसमें पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित जिला अध्यक्ष प्रकाश लारिया, जिला सचिव फिरोज खान, जिला उपाध्यक्ष उमर मंसूरी, जिला सोशल मीडिया प्रभारी शिवम सोनी, जिला सह सचिव कैलाश पटैल, जिला सह लोकेश राज, लकी रैकवार हेमंत सुमन संतोष सोनी राम शर्मा भूरे यादव पप्पू रैकवार सौरभ नामदेव सौरभ रानू असाटी बबलू असाटी अख्तर खान सूरज जाटव सत्यदेव शर्मा संतोष जैन एवं अन्य सभी साथियों की उपस्थिति रही।

## योगेश यादव ने पाई डॉक्टर की उपाधि



**तेंदूखेड़ा।** नगर के वार्ड क्रमांक 8 विघानगर में रहने वाले योगेश यादव ने डांक्टर की डिग्री प्राप्त कर नगर को गौरावित किया हैं योगेश ने 2020 में नीट परीक्षा पास करके एमबीबीएस में मेडिकल कॉलेज उज्जैन में प्रवेश लिया व अपनी शिक्षा पूर्ण करके एमबीबीएस डॉक्टर की डिग्री प्राप्त की। योगेश के पिता दिनेश यादव शिक्षक ने बताया कि योगेश प्रांरभ से पढाई में होशियार था उसकी इस उपलब्धि पर नगर के लोगों ने योगेश के घर पहुंचकर अपनी शुभकामनाएं दी हैं। योगेश के परिवार में माता श्रीमती ऊषा यादव, दादाजी घनश्याम प्रसाद यादव, दादाजी छोटेलाल यादव से.नि. डिप्टी रेंजर, दिलीप द्विवेदी शिक्षक, अरविन्द यादव, शैलेन्द्र यादव शिक्षक, भाई संदीप यादव, बहन रेशु यादव ,सुनील, शुभम ने शुभकामनाएं दीं एवं उज्जवल भविष्य की कामना की।

### उपभोक्ताओं को दी समाधान योजना की जानकारी

**तेंदूखेड़ा।** तेंदूखेड़ा विद्युत विभाग द्वारा सांगा के ग्राम खगोरिया में मंगलवार को रात्रि शिविर लगा कर ग्राम वासियों को समाधान योजना की जानकारी दी गई जिसमे 10 उपभोक्ताओं द्वारा लगभग 30 हजार की राशि जमा की गई। आगामी दिनों मे और अधिक शिविर लगा कर उपभोक्ताओं को योजना की जानकारी दीं जायगी शिविर मे सहायक अभियंता मो फरीद अंसारी ने बताया कि उपभोक्ताओं के द्वारा समय पर बिजली बिल का भुगतान नहीं किया जाता हैं जिस कारण से बिल अधिक हो जाता हैं दिन के समय लोग अपने कार्यो में व्यस्त रहते हैं इसलिए रात्रि में शिविर लगाया गया। इस दौरान लाइन कर्मचारी सुधीर पटेरिया. अवदेश यादव, जीशान खान, मीटर रीडर गुलशन, दयाराम ने ग्राम मे हर घर जाकर लोगो को समाधान योजना की जानकारी देकर बिल भरने के लिया प्रेरित किया।

## सांदीपनी विद्यालय के एनसीसी ऑफिसर पीएन खेमरिया बने चीफ ऑफिसर

**हटा।** राष्ट्रीय कैडेट कोर रक्षा मंत्रालय भारत सरकार द्वारा जारी दिशा निर्देशों के अनुसार 11 एमपी बटालियन द्वारा एनसीसी आफिसर्स के प्रमोशन पत्र के आधार पर प्रमोशन सेरेमनी का आयोजन किया गया। जिसमे 8,एवं 15 वर्ष की सेवा पूर्ण कर चुके आफिसर्स को बटालियन के कमान अधिकारी कर्नल दुष्यंत शर्मा, 33 एमपी बटालियन के सीईओ सूबेदार मेजर राजकुमार द्वारा रैंक लगाकर प्रमोटेड किया गया। प्रमोशन प्राप्त करने बाले अधिकारियो में सांदीपनी विद्यालय के फर्स्ट ऑफिसर पीएन खेमरिया को जूनियर डिवीजन की सर्वोच्च रैंक चीफ ऑफिसर (मेजर ) अशोक चक्र लगा कर सम्मानित किया गया। इसी क्रम में आर्मी स्कूल से धर्मेश भाई एवं बंडा से राजेश राजपूत को चीफ ऑफिसर की रेंक से सम्मानित किया गया। इसके अलावा जिले के अन्य स्कूलों की एनसीसी ऑफिसर्स को भी प्रमोटेड किया गया। इस अवसर पर समस्त बटालियन परिवार, केडेट्स,सूबेदार देवेंद्र सिंह, सुरजीत सिंह लेफ्टिनेंट जयनारायण यादव समस्त एएनओ अधिकारियों की और से चीफ ऑफिसर एसएस राजपूत ने आर्मी अधिकारियों का आभार व्यक्त किया।



## छात्र छात्राओं ने किया बीजारोपण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

विश्व पृथ्वी दिवस पर मडियादो वन परिक्षेत्र बफर के उदयपुरा प्लांटेशन में पर्यावरण संरक्षण के अंतर्गत कार्यक्रम किया गया। आज बोया कल उगाया की थीम पर नर्सरी स्थापना और पर्यावरण संरक्षण अभियान के लिए मड़ियादो, कलकुआ, उदयपुरा स्कूल के छात्र-छात्राओं ने बीजारोपण किया।वन परिक्षेत्र अधिकारी मड़ियादो बफ़र जेपी मिश्रा और सहायक परिक्षेत्र अधिकारी प्रमोद शुक्ला ने विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण की दिशा में कार्य करने पौधे रोपने, पेड़ो की रक्षा करने, वन और वन्य जीवों की सुरक्षा, जल संरक्षण आदि की अपील करते हुए विभिन्न जानकारियां दी, पन्ना टाइगर रिजर्व में पाए जाने वाले वन्य जीवों, पशु पक्षियों, जीवन रेखा केन नदी, भौतिक संरचना और गतिविधियों की क्रम बार जानकारी और प्रश्न उत्तर भी किए। वनपरिक्षेत्र अधिकारी जे.पी मिश्रा ने कार्यक्रम के माध्यम से सभी को संदेश दिया कि फल, सब्जियों आदि के बीज जंगल मे फेंके, आपका फेंका एक बीज यदि पौधा और पेड़ बनेगा तो पर्यावरण संरक्षण में योगदान होगा। जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि अभिषेक जैन ने भी छात्र छात्राओं से संवाद कर पर्यावरण से जुड़ी जानकारियां देकर सभी को पृथ्वी दिवस की शुभकामनाएं दी और ऐसे कार्यक्रमों की सराहना की। कार्यक्रम में छात्र छात्राएं काफी उत्साहित नजर आए। कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि अभिषेक जैन, सरपंच गोबन्दी आदिवासी, वन समिति अध्यक्ष परशु आदिवासी, स्कूल प्राचार्य अमित छिरोलया, दिनेश कुमार सहित वन कर्मचारियों में ऋषि पटेरिया, रामगोपाल अहिरवार,सुधाकर पांडे, गुलशन मिश्रा, वीरेश खटीक, भूपेंद्र पटेल और सुरक्षा श्रमिको की मौजूदगी रही।



## टाईम्स पब्लिक स्कूल में बचपन से ही पर्यावरण संरक्षण की सीख

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

टाईम्स पब्लिक स्कूल में प्री-प्राइमरी के नन्हें मुन्ने बच्चों द्वारा पृथ्वी दिवस मनाया गया। इस दिन का मुख्य उद्देश्य बच्चों को पर्यावरण के प्रति जागरूक बनाना और प्रकृति से जोड़ने के लिए प्रेरित करना था।

सबसे पहले बच्चों को नेचर वॉक पर ले जाया गया, इस दौरान उन्होंने पेड़-पौधों, फूल-पक्षियों और आसपास के प्राकृतिक वातावरण को ध्यान से देखा और जाना। इसके बाद बच्चों ने कलरिंग एक्टिविटी में भाग लिया उन्होंने पृथ्वी के चित्र में रंग भरा। सबसे रोमांचक हिस्सा ट्रेजर हट एक्टिविटी रहा इसमें बच्चों को छोटे-छोटे क्लू दिये गए जिनकी मदद से उन्होंने पर्यावरण से जुडी चीजों को खोजा। इन गतिविधियों के माध्याम से बच्चों ने अपनी रचनात्कमता, सोचने की क्षमता टीमवर्क, पर्यावरण संरक्षण, प्रकृति के प्रति रुचि विकसित की। इस अवसर पर कॉर्डिनेटर श्रीमती सूर्या ठाकुर जी ने सभी बच्चों को छोटे-छोटे पौधे वितरित कर घर पर लगाने के लिए प्रेरित किया। अंत में शिक्षिकाओं ने बच्चों को स्वच्छता बनाये रखने एंव पेड़ लगाने और पर्यावरण की रक्षा करने का संकल्प दिलाया।



## पृथ्वी दिवस पर चित्रकला एवं स्लोगन के साथ दिलाई शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिण्डोरिया

पृथ्वी दिवस पर हमारी शक्ति हमारा ग्रह थीम के अंतर्गत शिव शिक्षा सदन हाई स्कूल, बम्होरी में पृथ्वी दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम के प्रथम दिवस 21 अप्रैल को ऊर्जा संरक्षण एवं नवीकरणीय ऊर्जा की जागरुकता हेतु मानव श्रृंखला एवं रैली का आयोजन किया गया।इसके बाद एकल उपयोग प्लास्टिक उन्मूलन के लिए विद्यालय परिसर में श्रमदान किया गया।साथ ही विद्यालय परिसर में वृक्षारोपण भी किया गया।उपस्थित प्रतिभागियों को कार्यक्रम समन्वयक मिशन जन जागृति युवा मंडल ने बताया कि यह कार्यक्रम पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय द्वारा निर्धारित थीम के तहत पर्यावरण के अनुकूल गतिविधियों का आयोजन किया गया है।द्वितीय दिवस 22 अप्रैल को प्रातः 08:00 बजे से प्रतिभागियों का पंजीयन पश्चात कार्यक्रम में उद्घाटन एवं अतिथियों का स्वागत किया गया।तत्पश्चात छात्रों द्वारा सौर ऊर्जा, नवीकरणीय ऊर्जा, वृक्षारोपण, जल संरक्षण एवं ऊर्जा बचत विषयों पर आकर्षक चित्र एवं स्लोगन बनाए गए। साथ ही पर्यावरण गीतों की मनमोहक प्रस्तुतियां भी दी गईं।इस अवसर पर वाटर एड संस्था के ब्लॉक समन्वयक आशीष सिंह ने कहा कि “पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के लिए अधिक से अधिक वृक्षारोपण करना अत्यंत आवश्यक है तथा जन समुदाय में जागरूकता लाना हमारा दायित्व है।उन्होंने कहा कि नवीकरणीय ऊर्जा ही भविष्य की ऊर्जा है-स्वच्छ, सुरक्षित एवं सतत।ईश्वर चंद जी ने जल संरक्षण पर बल देते हुए कहा कि “वृक्ष तभी बचेंगे जब पानी होगा, अतः हमें जल की बर्बादी रोकनी होगी और सौर ऊर्जा ,पवन ऊर्जा,जल ऊर्जा,बायोमास ऊर्जा ,समुद्री ऊर्जा स्त्रोतों को अपनाना होगा। शिवम दुबे ने कहा कि हरियाली बढ़ाने से न केवल पर्यावरण संतुलित रहेगा, बल्कि शुद्ध ऑक्सीजन से मानव स्वास्थ्य भी बेहतर होगा।वहीं राजकुमार सेन ने जैविक खेती को बढ़ावा देने एवं रासायनिक खादों के उपयोग को कम करने पर जोर देते हुए कहा कि “हमें पॉलीथिन का उपयोग बंद कर कपड़े के बैग अपनाने चाहिए।”कार्यक्रम के अंत में प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार वितरित किए गए तथा अतिथियों को पौधों एवं बीजों का वितरण किया गया। सभी उपस्थित जनों को पृथ्वी दिवस की शपथ दिलाई गई और अंत में आभार व्यक्त किया गया।इस अवसर पर देवकुमार दुबे,विभोर बिदौलया,गोविंद शर्मा,केदारनाथ सेन,के साथ बड़ी संख्या में छात्रों एवं उनके अभिभावकों की उपस्थिति रही।



## संयुक्त टीम ने समझाईश देकर रूकवाया बाल विवाह

**तेंदूखेड़ा।** तेंदूखेड़ा ब्लांक अंतर्गत ग्राम बैलढ़ाना में मंगलवार रात्रि के समय चाइल्ड हेल्प लाईन के द्वारा बाल विवाह होने की सूचना मिलने पर महिला बाल विकास एवं पुलिस विभाग के द्वारा संयुक्त कार्यवाही करते हुए बैलढाना पहुंचे जहां अहिरवार समाज के द्वारा बाल विवाह कराया जा रहा था। जिसमें बालिका की उम्र 16 वर्ष 7 माह की थी परिजयोजना अधिकारी पूजा गौड़ के द्वारा परिजनों को समझाया गया कि बाल विवाह करने के क्या दुष्परिणाम हैं साथ ही विवाह होने की स्थिती में संपूर्ण लोगों के उपर विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज हो जाता हैं साथ ही जेल भी जाना पड़ता हैं पुलिस विभाग के द्वारा समझाइश के बाद अहिरवार समाज के लोगों ने बाल विवाह को रोक दिया। साथ ही कहा कि दोनों बच्चों के बालिग होने के बाद ही विवाह करेगें। संपूर्ण कार्यवाही में एएसआई गजराज सिंह, प्रआर रवि सेन, प्रआर महेश सिंह, पर्यवेक्षक नंदराम अहिरवार सहायक ग्रेड 3 रुद्र प्रताप यादव आदि शामिल रहे

**यज्ञ न केवल धार्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि यह पर्यावरण शुद्धि, मानसिक शांति और सामाजिक एकता का भी प्रतीक है- पं गोपाल शास्त्री**

## बहेरिया में रुद्र महायज्ञ : पंचांग पूजन व वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ हुआ मंडप प्रवेश

**तेंदूखेड़ा।** बहेरिया ग्राम में चल रहे भव्य रुद्र महायज्ञ के दूसरे दिन बुधवार को आस्था का अद्भुत दृश्य देखने को मिला। प्रातः काल शुभ मुहूर्त में वैदिक ब्राह्मणों द्वारा विधिवत पंचांग पूजन संपन्न किया गया, जिसके पश्चात मंत्रोच्चारण और धार्मिक विधानों के बीच मंडप प्रवेश की पावन प्रक्रिया सम्पन्न हुई। यज्ञ स्थल पर जैसे ही आचार्यों ने वैदिक मंत्रों का उच्चारण प्रारंभ किया, पूरा परिसर भक्तिमय ऊर्जा से भर उठा। “हर-हर महादेव” और “ॐ नमः शिवाय” के जयघोष से वातावरण गूंज उठा। मंडप प्रवेश के दौरान यज्ञ में वर्णित यजमान परिवार ने विधि-विधान से पूजन-अर्चन कर भगवान शिव से क्षेत्र की सुख-समृद्धि, शांति और कल्याण की प्रार्थना की। इस अवसर पर उपस्थित यज्ञाचार्य पंडित गोपाल शास्त्री ने बताया कि रुद्र महायज्ञ न केवल धार्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि यह पर्यावरण शुद्धि, मानसिक शांति और सामाजिक एकता का भी प्रतीक है। यज्ञ से उत्पन्न सकारात्मक ऊर्जा पूरे क्षेत्र में सुख-समृद्धि का संदेश देती है। उनके अनुसार, वैदिक विधि-विधान से किए गए यज्ञ में उच्चारित होने वाले मंत्रों की ध्वनि तरंगें वातावरण में व्याप्त नकारात्मक तत्वों को नष्ट कर शुद्धता और पवित्रता का संचार करती हैं। यज्ञ में उपयोग की जाने वाली समिधा, घृत और औषधीय द्रव्यों से उठने वाला धुआं वायु को शुद्ध करने में सहायक होता है, जिससे पर्यावरण संतुलन को भी मजबूती मिलती है। यज्ञाचार्य पंडित गोपाल शास्त्री ने यह भी कहा कि रुद्र महायज्ञ का सीधा संबंध भगवान शिव की आराधना से है, जो सृष्टि के संहारक ही नहीं, बल्कि पुनः सृजन और संतुलन के भी प्रतीक माने जाते हैं। ऐसे में इस यज्ञ के आयोजन से व्यक्ति के मन, बुद्धि और आत्मा में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है, जिससे मानसिक तनाव में कमी आती है और आंतरिक शांति की अनुभूति होती है।उन्होंने आगे बताया कि जब किसी क्षेत्र में सामूहिक रूप से इस प्रकार के महायज्ञ आयोजित होते हैं, तो यह समाज को एक सूत्र में पिरोने का कार्य भी करते हैं। विभिन्न वर्गों, समुदायों और आयु वर्ग के लोग एक साथ आकर पूजा-अर्चना में भाग लेते हैं, जिससे आपसी प्रेम, भाईचारा और सामाजिक समरसता को बढ़ावा मिलता है। यज्ञाचार्य के अनुसार, रुद्र महायज्ञ से उत्पन्न होने वाली सकारात्मक ऊर्जा पूरे क्षेत्र में सुख-समृद्धि, शांति और उन्नति का संदेश देती है। यह आयोजन न केवल धार्मिक आस्था को मजबूत करता है, बल्कि मानव जीवन को संतुलित, शांत और समृद्ध बनाने की दिशा में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।यज्ञ में प्रतिदिन सुबह पूजन हवन और शाम को प्रवचन का कार्यक्रम निरंतर 99 दिवस चलेगा रात्रि प्रतिदिन में रामलीला का मंचन होगा यज्ञ में वर्णित आचार्य पंडित मनेंद्र शास्त्री, पंडित रत्नेश पाठक,पंडित रोहित द्विवेदी सम्लित रहे।



## कोटा में प्रदेश अध्यक्ष श्याम टेलर का हुआ भव्य स्वागत



**पटेरा।** भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष श्याम टेलर के दमोह प्रवास के दौरान कुम्हारी मंडल के ग्राम कोटा में जिला अध्यक्ष भाजपा श्री श्याम शिवहरे जी ,युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष श्री प्रिंस जैन जी ओर भाजपा मण्डल अध्यक्ष श्री राजेंद्र यादव जी के मार्गदर्शन में उनका भव्य एवं उत्साहपूर्ण स्वागत किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व मंडल उपाध्यक्ष डॉ. सत्यम सिंह राजपूत ने किया। उनके नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने प्रदेश अध्यक्ष को फूल-मालाओं से लादकर जोरदार स्वागत किया। साथ ही उनके साथियों ने भी माला पहनाकर उनका स्वागत किया। इस दौरान डॉ. सत्यम सिंह राजपूत ने श्री श्याम टेलर को पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया, साथ ही गुलाल लगाकर उनका अभिनंदन किया। इसके अतिरिक्त उन्हें पारंपरिक रूप से अंगवस्त्र पहनाकर भी सम्मान दिया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में युवा कार्यकर्ता, पदाधिकारी एवं समर्थक उपस्थित रहे। पूरे आयोजन के दौरान उत्साह और जोश का माहौल बना रहा, जिससे यह कार्यक्रम एक बड़े शक्ति प्रदर्शन के रूप में उभरकर सामने आया।

## राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा हेतु चार परीक्षा केंद्र निर्धारित

### 26 अप्रैल को दो पालियों में होगी परीक्षा

**दमोह।** मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग इंदौर द्वारा आयोजित राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा-2026 के लिए जिला दमोह में चार संस्थाओं को परीक्षा केंद्र के रूप में चयनित किया गया है। यह परीक्षा 26 अप्रैल को ओएमआर पद्धति से दो पालियों में आयोजित होगी। पहली पाली प्रातः 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक तथा दूसरी पाली दोपहर 2:15 बजे से 4:15 बजे तक संचालित की जाएगी। निर्धारित परीक्षा केंद्रों में शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय, शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तथा शासकीय ईएफए जे.पी.बी कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शामिल हैं। कलेक्टर प्रताप नारायण यादव ने परीक्षा के दौरान अभ्यर्थियों की स्वास्थ्य सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को विशेष निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा है कि किसी भी अभ्यर्थी की तबीयत अचानक खराब होने की स्थिति में तत्काल चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराई जाए। इसके लिए परीक्षा केंद्र क्रमांक 15/3 शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, दमोह में 26 अप्रैल को सुबह 8 बजे से परीक्षा समाप्ति तक एक पूर्ण मेडिकल टीम तैनात रहेगी। इस टीम में चिकित्सक, एंबुलेंस और सभी आवश्यक चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध रहेंगी। कलेक्टर श्री यादव ने निर्देशित किया है कि एंबुलेंस हेतु चिकित्सक और अन्य स्टाफ की ड्यूटी लगाकर आदेश की प्रति, संबंधित मोबाइल नंबर सहित, कलेक्ट्रेट कार्यालय और सभी परीक्षा केंद्रों को 24 अप्रैल 2026 तक अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराई जाए, ताकि परीक्षा के दौरान किसी भी आपात स्थिति से प्रभावी ढंग से निपटा जा सके।

**खबर संक्षेप**

## तापमान वृद्धि के चलते विद्यालयों के समय में बदलाव

**दमोह ।** ग्रीष्म ऋतु में तापमान में वृद्धि होने के कारण विद्यार्थियों के स्वास्थ्य की सुरक्षा के लिए प्रशासन द्वारा महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है। जारी निर्देशों के अनुसार समस्त शासकीय, अशासकीय, केन्द्रीय विद्यालय, नवोदय विद्यालय तथा सी.बी.एस.ई. से संबद्ध शैक्षणिक संस्थानों में कक्षा 9वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों के लिए शाला संचालन समय में अस्थायी परिवर्तन किया गया है। अब इन कक्षाओं का संचालन 30 अप्रैल तक प्रातः 7:30 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक किया जाएगा। कलेक्टर प्रताप नारायण यादव ने बताया कि दो पालियों में संचालित होने वाले विद्यालयों के समय में कोई परिवर्तन नहीं किया गया है और वे पूर्ववत समयानुसार ही संचालित होंगे। इसके अतिरिक्त, परीक्षाओं का आयोजन निर्धारित समय-सारणी के अनुसार ही किया जाएगा तथा मूल्यांकन कार्य भी अपने पूर्व निर्धारित समय पर ही संपादित होगा।

## प्राधिकृत अधिकारी नियुक्त

**दमोह ।** मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग, इंदौर द्वारा आयोजित राज्य सेवा एवं राज्य वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा 2026 का आयोजन 26 अप्रैल को दमोह जिले में किया जाएगा। यह परीक्षा जिले के निर्धारित चार परीक्षा केंद्रों पर संपन्न होगी। कलेक्टर प्रताप नारायण यादव ने परीक्षा के सुचारू संचालन एवं व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करने के लिए प्राचार्य रमेश कुमार व्यास, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हिन्नाई उमरी, तहसील दमोह को सहायक प्राधिकृत अधिकारी नियुक्त किया है।

### समय-सीमा में बैठक संपन्न, दिए गए अहम दिशा-निर्देश

# प्रशासनिक कार्यप्रणाली में जनहित को सर्वोच्च प्राथमिकता - कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



जिले के नवागत कलेक्टर प्रताप नारायण यादव ने आज समस्त विभागों के जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक लेकर प्रशासनिक कार्यप्रणाली में जनहित को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रशासन का उद्देश्य केवल शासन चलाना नहीं, बल्कि आमजन के जीवन को बेहतर बनाना है।

कलेक्टर श्री यादव ने कहा, शासन द्वारा निर्धारित समयसीमा केवल औपचारिक तारीख नहीं, बल्कि यह जनता से किया गया एक वादा है, जिसे निभाना प्रशासन की जिम्मेदारी है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक पात्र हितग्राही को योजनाओं का लाभ समय पर मिले, यह सुनिश्चित किया जाए।

कलेक्टर श्री यादव ने अधिकारियों को प्रो-एक्टिव अप्रोच अपनाने की सलाह देते हुए कहा, समस्याओं के उत्पन्न होने का इंतजार न करें, बल्कि पहले से ही आवश्यक कदम उठाएं। उन्होने बैठक में विभागीय समन्वय पर विशेष जोर देकर कहा कि विभिन्न विभागों के सहयोग से बेहतर परिणाम प्राप्त किए जा सकते हैं। उन्होंने वर्तमान में चल रहे HPV टीकाकरण अभियान का उल्लेख करते हुए कहा कि स्वास्थ्य विभाग को महिला एवं बाल विकास और शिक्षा विभाग के सहयोग की आवश्यकता है, जिससे अभियान में प्रगति लाई जा सके।

कलेक्टर श्री यादव ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे समयबद्ध तरीके से कार्य करें, नियमित रूप से जनता से मिलें और उनकी समस्याओं का संवेदनशीलता के साथ निराकरण करें। साथ ही, उन्होंने समय-समय पर शिविर आयोजित करने के निर्देश दिए, ताकि आमजन को अनावश्यक रूप से भटकना न पड़े और उन्हें नियमानुसार शीघ्र राहत मिल सके।

कलेक्टर प्रताप नारायण यादव ने आज समय-सीमा बैठक के दौरान सीएम हेल्पलाईन की विभागवार समीक्षा करते हुये त्वरित निराकरण सुनिश्चित करने निर्देश दिये। उन्होंने कहा शिकायतें अधिक समय तक लंबित नहीं रहें, उनका संतुष्टीपूर्वक निराकरण सुनिश्चित कराया जाये। गेंहू खरीदी स्लॉट बुकिंग एवं खरीदी के संबंध में चर्चा करते हुये खाद्य विभाग को निर्देशित किया किसानों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिये। बैठक में एडीएम मीना मसराम और सहायक कलेक्टर एवं एसडीएम हटा ऋषिकेश विजय ठाकरे खासतौर पर मौजूद रहे।

कलेक्टर श्री यादव ने स्व-गणना करने के सभी अधिकारियों को निर्देश दिये। बैठक में जिला योजना अधिकारी अल्का दास ने बताया जनगणना प्रशिक्षण जबेरा-तेन्दूखेड़ा में चल रहा है, 21 अप्रैल को निरीक्षण किया गया है, 3 चरणों में प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जलगंगा संवर्धन अभियान के संबंध में भी चर्चा की गई।

उन्होने कहा एचपीव्ही वेक्सीन में सभी संबंधित विभाग समन्वय से काम कर लक्ष्य प्राप्ति सुनिश्चित करें। श्री यादव ने लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन यंत्री से कहा जिले की पुल-पुलियों का निरीक्षण करा लें, यदि पुल-पुलिया आवागमन योग्य नहीं हो तो आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित कर ली जाये। कलेक्टर ने परिवहन अधिकारी से कहा वाहनों की सतत जाँच करें, घटना, दुर्घटना को देखते हुये नशे में वाहन चलाने वालों के वरूद्ध कार्यवाही सुनिश्चित की जाये।

बैठक में खाद्य अधिकारी ने बताया खाद्य सामग्री सभी जगह उपलब्ध है, पैट्रोल-डीजल की स्थिति सामान्य है। महिला बाल विकास विभाग ने बताया जिले में कही भी बाल विवाह नहीं हुये हैं, कलेक्टर श्री यादव ने कहा एचपीव्ही टीकाकरण में महिला बाल विकास सक्रिय सहयोग प्रदान करे। उन्होंने नगर पालिका की समीक्षा के दौरान फायर ब्रिगेड की स्थिति जानी बताया गया फायर ब्रिगेड अपडेट हैं। उन्होंने परियोजना अधिकारी शहरी विकास अभिकरण से कहा सभी जगह फायर बिग्रेड अपडेट रहे तथा कर्मचारियों की तैनाती सुनिश्चित रहे। कलेक्टर श्री यादव ने दमोह सहित जिले के सभी नगरीय निकाय क्षेत्रों में नालों की सफाई अभियान के रूप में करा ली जाये। श्री यादव ने सुभाष कालोनी में नाले की सफाई सुदृण कराने के निर्देश देते हुये कहा यह सुनिश्चित करायें कि इस बार जल भराव की स्थिति न बने।

# गैसाबाद व्यारमा नदी पर नहीं रुक रहा अवैध उत्खनन, मूक दर्शक बना खनिज विभाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गैसाबाद



पिछले कई महीनो से ग्राम की व्यारमा नदी के किनारो को काटकर मिट्टी को ट्रैक्टरों में भरकर ग्राम के ही कुछ लोग बड़े पैमाने पर अवैध उत्खनन कर रहे हैं। नदी के किनारो को काटकर मिट्टी महंगे दामों पर लोगों को सप्लाई की जा रही है नदी के किनारे कट जाने से बरसात के दिनों में गांव के अंदर नदी का पानी भरने का खतरा बढ़ता जा रहा है। ग्रामीण जनों ने हरिभूमि को बताया कि कुछ ट्रैक्टर वाले महंगे दामों में नदी की मिट्टी बेचकर व्यापार कर रहे हैं। अवैध उत्खनन करने वालों की तो तिजोरिया भर रही है लेकिन नदी की पार कट जाने से निकट भविष्य में बरसात का पानी गांव में भरने का खतरा बढ़ता जा रहा है जिससे बरसात के मौसम में बाढ़ जैसा माहौल निर्मित हो सकता है। ग्रामीण जनों के बताए मुताबिक उन्होंने अवैध उत्खनन की शिकायतें समय-समय पर की है। लेकिन शासन प्रशासन एवं खनिज विभाग द्वारा आज तक कोई ध्यान नहीं दिया गया जिससे अवैध उत्खनन करने वालों के हौसला बुलंदी पर है। तस्वीर में आप साफ देख सकते हैं कि किस तरह से नदी पर अवैध उत्खनन करके नदी के किनारो को काटा गया है, यहां पर गौर करने वाली बात यह है कि जब सैकड़ो ट्राली मिट्टी ट्रैक्टरों में भरकर दिनदहाड़े नदी से सप्लाई होती रही और इसकी जानकारी खनिज विभाग और पुलिस महकमा को ना हो क्या? ऐसा संभव है? ग्रामीण जनो ने शीघ्र ही खनिज विभाग एवं पुलिस प्रशासन से नदी पर हो रहे अवैध उत्खनन पर अंकुश लगाए जाने की मांग की है, अब देखना यह होगा कि खनिज विभाग नदी पर हो रहे अवैध उत्खनन पर कब?और क्या? कार्रवाई करता है या फिर सब ऐसे ही चलता रहेगा, इस पूरे मामले पर जब हमारे हरिभूमि संवाददाता ने दमोह प्रभारी खनिज अधिकारी राजेंद्र कमलेश से दूरभाष के माध्यम से उनकी प्रतिक्रिया लेने की कोशिश की तो प्रभारी खनिज अधिकारी द्वारा फोन रिसीव नहीं किया गया।

# युवा मोर्चा केवल एक संगठन नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण की एक सशक्त शक्ति है - श्याम टेलर

**दमोह।** भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष श्याम टेलर के दमोह आगमन पर युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष प्रिंस जैन के नेतृत्व में युवा मोर्चा कार्यकर्ताओं द्वारा भव्य एवं ऐतिहासिक स्वागत किया गया। जैसे ही प्रदेश अध्यक्ष जिले की सीमा में प्रवेश किए, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष प्रिंस जैन एवं उनकी टीम ने पुष्पहार पहनाकर आत्मीय स्वागत किया। प्रदेश अध्यक्ष के स्वागत के लिए लंबा काफिला उनके साथ रहा, जो कुंडलपुर, पटेरा, हिंडोरिया, समन्ना नाका, धरमपुर, गढ़ी मोहल्ला, पुराना थाना, टॉकीज चौराहा, सराफा बाजार, बकौली, नगर पालिका गेट एवं अस्पताल चौराहे सहित विभिन्न स्थानों से होकर गुजरा। मार्ग में जगह-जगह कार्यकर्ताओं एवं नागरिकों ने पुष्पवर्षा, पुष्पहार एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका जोरदार अभिनंदन किया। जिला भाजपा कार्यालय पहुंचने पर भाजपा जिला अध्यक्ष श्याम शिवहरे एवं जिला पदाधिकारियों ने भी प्रदेश अध्यक्ष का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया।




इसके पश्चात जिला कार्यालय में आयोजित स्वागत कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन के साथ हुई, जिसके उपरांत प्रदेश अध्यक्ष एवं अन्य अतिथियों का पुष्पहार एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया गया। जिला अध्यक्ष श्याम शिवहरे ने कहा कि युवा मोर्चा भारतीय जनता पार्टी की सबसे ऊर्जावान और सक्रिय इकाई है, जो संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूती प्रदान करती है। प्रदेश अध्यक्ष श्याम टेलर के नेतृत्व में युवा मोर्चा ने पूरे मध्यप्रदेश में संगठनात्मक गतिविधियों को नई गति दी है। दमोह जिले में भी युवा मोर्चा के कार्यकर्ता पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य कर रहे हैं। प्रदेश अध्यक्ष श्याम टेलर ने कहा कि भारतीय जनता युवा मोर्चा केवल एक संगठन नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण की एक सशक्त शक्ति है। आज देश का युवा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में नए भारत के निर्माण में अपनी महत्वपूर्ण भागीदारी निभा रहा है। युवा मोर्चा के कार्यकर्ता समाज के हर क्षेत्र में सक्रिय रहकर राष्ट्रहित में कार्य कर रहे हैं। भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता केवल राजनीति नहीं करता, बल्कि सेवा, समर्पण और संस्कार के मूल्यों के साथ समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने का कार्य करता है। दमोह के कार्यकर्ताओं की सराहना करते हुए कहा कि जिस प्रकार भव्य स्वागत किया गया है, वह कार्यकर्ताओं के उत्साह और संगठन के प्रति उनके समर्पण को दर्शाता है। युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष प्रिंस जैन ने प्रदेश अध्यक्ष के आगमन एवं भव्य स्वागत कार्यक्रम के उपरांत कहा कि यह आयोजन जिले के युवाओं के उत्साह और संगठन की मजबूती का प्रतीक है। कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष श्याम शिवहरे, युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष श्याम टेलर, दमोह विधायक पूर्व मंत्री जयंत मलैया, युवा मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष मृदुल मिश्रा, जिला महामंत्री रामेश्वर चौधरी, जिला उपाध्यक्ष राघवेंद्र सिंह परिहार, संजय यादव, मनीष तिवारी, अमित बजाज जिला मीडिया प्रभारी एवं युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष प्रिंस जैन, जिला मंत्री भरत यादव, जिला कार्यालय मंत्री देवकीनंदन पटेल, सहकार्यालय मंत्री दिलीप चौरसिया, जिला कोषाध्यक्ष सुरेश पटेल, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती रंजीत पटेल, उपाध्यक्ष श्रीमती मंजू कटारे, मंडल अध्यक्ष राजेंद्र चौरसिया, रमाकांत बाजपेई मंचासीन रहे।

# सूरत नहीं सीरत देखें, व्यक्ति नहीं गुण महत्वपूर्ण - मुनि श्री पदम सागर

**दमोह।** आचार्य श्री विद्यासागर जी एवं आचार्य श्री समय सागर जी महाराज के परम प्रभावक शिष्य मुनि श्री पदम सागर जी एवं छुल्लक श्री तात्पर्य सागर जी दमोह के श्री पारसनाथ दिगंबर जैन नन्हे मंदिर जी में विराजमान है। मुनि संघ के सानिध्य में प्रतिदिन धर्म देश का लाभ सकल जैन समाज को प्राप्त हो रहा है। वही 23 अप्रैल को मुनि श्री पदम सागर जी महाराज का 28 वां मुनि दीक्षा दिवस मंदिर परिसर में दोपहर 1 बजे से भक्ति भाव के साथ मनाया जाएगा। जैन नन्हे मंदिर जी में मुनि संघ के प्रतिदिन प्रातः बेला में श्रीजी के अभिषेक शांति धारा पूजन के साथ दिव्य देशना का लाभ सभी को प्राप्त हो रहा है। बुधवार को मुनि श्री पदम सागर जी महाराज ने अपने मंगल प्रवचनों में गुणों की महत्वता प्रतिपादित करते हुए कहा कि व्यक्ति को सूरत पर नहीं सीरत पर ध्यान देना चाहिए चेहरे पर नहीं गुणों पर ध्यान देना चाहिए। मुनि श्री ने कहा कि हम भगवान को तो मानते हैं गुरुओं को तो मानते हैं लेकिन उनकी कहीं बात को नहीं मानते हैं। जबकि उनकी बात को मानकर उनकी दिखाई राह पर चलकर हर व्यक्ति भगवान बन सकता है पूजनीय बन सकता है। मुनि और श्रावक में गुणों का ही अंतर होता है। एक अच्छा श्रावक नियम संयम व्रत आदि गुण धर्म का पालन करके गृहस्थ रहकर भी जैन धर्म मे मिले जन्म को सफल कर सकता है। वैसे भी मुनि और श्रावक के बीच गुणों का ही अंतर होता है। गुणों के कारण संत पूज्नीय बन जाते हैं जबकि उनका भी जन्म तथा लालन-पालन आम श्रावक की तरह ही होता है। मुनिश्री ने सभी को व्रत संयम का पालन करते हुए नियमित रूप से धर्म ध्यान करके अच्छा सच्चा श्रावक बनने के लिए प्रेरित किया।



### मुनि श्री का 28 वां दीक्षा दिवस आज दोपहर

मुनिश्री पदम सागर जी महाराज का 28 वां मुनि दीक्षा दिवस 23 अप्रैल गुरुवार को दोपहर 1 बजे से भक्ति में उल्लास के साथ मनाया जाएगा। इस अवसर पर श्री पारसनाथ दिगंबर जैन नन्हे मंदिर परिसर में गुरु पूजन के साथ विविध धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। देश प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से गुरु भक्त भी मुनि दीक्षा समारोह में सम्मिलित होकर धर्म लाभ अर्जित करेंगे। इस अवसर पर पाठशालाओं के माध्यम से बच्चों को धर्म शिक्षा देने वाले गुरुजनों को भी सम्मानित किया जाएगा। इस अवसर पर संघस्थ ब्रह्मचारी मोनू भैया, स्वतंत्र भैया सहित अन्य भैया एवं दीदी की भी उपस्थिति रहेगी। नन्हे मंदिर कमेटी के अध्यक्ष नवीन निराला एवं महामंत्री राजकुमार रानू ने सकल जैन समाज से समय पर दीक्षा दिवस कार्यक्रम में शामिल होकर धर्म लाभ उठाने की अपील की है।

# ई-वाहनों की चार्जिंग पर सख्ती

**जबेरा।** जबेरा क्षेत्र में वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में विद्युत विभाग द्वारा ई-वाहनों की चार्जिंग व्यवस्था की सघन जांच अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत कनिष्ठ अभियंता एम. के. महतो अपनी टीम के साथ विभिन्न स्थानों पर पहुंचकर ई-रिक्शा, ई-स्कूटी एवं अन्य ई-वाहनों के चार्जिंग पॉइंट्स का निरीक्षण कर रहे हैं। जांच के दौरान यह सामने आया कि जबेरा क्षेत्र में लगभग 150 से अधिक ई-वाहन ऐसे हैं, जो बिना वैध विद्युत कनेक्शन के घरेलू कनेक्शन का उपयोग कर चार्जिंग कर रहे हैं। विभाग की टीम द्वारा ऐसे वाहन संचालकों को वैध कनेक्शन लेने के लिए समझाइश दी जा रही है। कार्रवाई करते हुए टीम ने तीन लोगों के खिलाफ अवैध रूप से विद्युत कनेक्शन का उपयोग करने पर प्रकरण दर्ज किया है। कनिष्ठ अभियंता एम. के. महतो ने जानकारी देते हुए बताया कि सभी ई-वाहन उपयोगकर्ताओं को विद्युत विभाग से विधिवत कनेक्शन लेकर ही चार्जिंग करनी चाहिए। यदि कोई भी व्यक्ति अवैध या घरेलू कनेक्शन से चार्जिंग करते हुए पाया जाता है, तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। विद्युत विभाग की इस कार्रवाई से क्षेत्र में हड़कंप मच गया है और लोगों को नियमों का पालन करने के लिए सतर्क किया जा रहा है।



# परशुराम जयंती पर निकाली शोभायात्रा



**मड़ियादो।** विष्णु के छठवें अवतार भगवान श्री परशुराम जी जयंती आयोजन के क्रम में मड़ियादो में शोभा यात्रा निकाली गई। श्री धनुषधारी जी सरकार मन्दिर से शोभायात्रा डीजे गाजे बाजे के साथ बस्ती के मुख्य मार्गो से होकर निकली। विप्र बंधुओ के साथ सभी लोगों ने भक्ति और उत्साह से शोभायात्रा में शामिल होकर भगवान परशुराम प्राकट्योत्सव पर्व मनाया और जय जय परशुराम जी के नारों से वातावरण गुंजायमान हुआ। पँडित हेमू मिश्रा ने भगवान परशुराम जी का पात्र अभिनय किया। पुजारी पँडित रामऋषि मिश्रा ने भगवान परशुराम जी की पूजा अर्चना की शोभायात्रा में मड़ियादो, हटा,तिंदनी, मोहरई,निवास,बर्धा,कनकपुरा सहित दर्जन भर गाँव से विप्र बंधु शामिल हुए। शोभायात्रा का जगह-जगह स्वागत हुआ। इस दौरान मड़ियादो थाना पुलिस अमले के साथ मौजूद रही।

# वैन की स्टेयरिंग फेल होने से डिवाइडर से टकराई,चार घायल

**तेंदूखेड़ा।** बुधवार की सुबह 8 बजे नगर में उस समय हड़कंप मच गया जब एक मारुति वैन कार अचानक से नगर में स्थित डिवाइडर से टकरा गया जहां आसपास मौजूद लोग वैन में बैठे लोगों को बचाने के लिए पहुंचे और सभी को बाहर निकाला गया और जो घायल हुए थे जिन्हें इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया। घटना के संबंध में मिली जानकारी अनुसार जामुन ग्राम से रिछाऊ बारात में गए आदिवासी समाज की वैन क्रमांक एमपी 20 बीए 2440 जिसमें एक दर्जन से अधिक लोग सवार थे जिसमें कुछ बच्चे भी मौजूद थे। इस हादसे में कीर्ति पिता जितेन्द्र गौड़ उम्र 18 वर्ष ग्राम उड़ना थाना पाटन पर्वत सींग पिता रघवर सींग गौड़ उम्र 50 वर्ष निवासी झमरा थाना तारादेही



गब्बर पिता प्रीतम गौड़ उम्र 24 वर्ष निवासी सागर धनपत गौड़ उम्र 53 वर्ष निवासी नटवारा थाना शहपुरा इस हादसे में घायल हुए हैं जिनमें से कीर्ति गौड़ को पेट में अंदरुनी चोटे आने के चलते जबलपुर मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। जबकि अन्य घायलों का इलाज स्वास्थ्य केंद्र में किया गया है वैन चालक प्रमोद गौड़ निवासी इमलीडोल ने बताया कि वह शादी समारोह में गया था और वापस घर जामुन जा रहे थे लेकिन वैन में मौजूद अन्य लोगों को चाय नाश्ता करना था जिसके लिए वह वैन को लेकर बस स्टैंड आया था। जहां नाश्ता करने के बाद वापस जामुन जा रहा था लेकिन बस स्टैंड के समीप अचानक वैन का स्टेयरिंग फेल हो गया और वैन सड़क के बीच बीचों बनी डिवाइडर से टकरा गया। इस हादसे में कार सामने से छतिग्रस्त हो गई है वहीं चालक ने कहा कि वैन को कंट्रोल करने का प्रयास किया था लेकिन वह डिवाइडर से टकरा गया। वहीं घटनास्थल पर मौजूद लोगों ने बताया कि अगर वैन तेज रफ्तार में होती तो बड़ा हादसा हो सकता था। क्योंकि हादसा नगर के मुख्य बस स्टैंड के पास हुआ है सुबह के समय मार्ग पर इतनी लोगों की आवाजाही नहीं होती है अगर यह हादसा दोपहर या शाम के वक्त होता तो कई लोगों के घायल होने की खबर सामने आ सकती थी पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही।

### कांग्रेस के प्रतिनिधि मंडल ने पीड़ित परिवार से की मुलाकात...

# दलित दूल्हे से मारपीट के आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस दे रही दबिश





**हटा।** थाना क्षेत्र के बिजोरी पाठक गांव में दिव्यांग दलित दूल्हे को रछवाई के दौरान घोड़े से उतरकर मारपीट करने के मामले में पुलिस के द्वारा आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए जगह-जगह दबिश दी जा रही है। बुधवार दोपहर हटा एसडीओपी सौरभ त्रिपाठी एवं टीआई सुधीर बेगी ने पुलिस बल के साथ गांव में आरोपियों की खोज की लेकिन आरोपी फरार हो गए हैं उनका कोई सुराग नहीं लग पाया है। गांव के लोगों से भी जानकारी जुटाई जा रही है ताकि आरोपियों की जल्द से जल्द गिरफ्तारी हो सके। वही कांग्रेस के प्रतिनिधिमंडल ने कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देश पर गांव पहुंचकर पीड़ित परिवार से मुलाकात की है और हर संभव मदद का भरोसा दिलाया है। प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी से पीड़ित परिवार की बात प्रतिनिधि मंडल को करानी थी लेकिन वह एआईसीसी की मीटिंग में व्यस्त होने के कारण दमोह प्रभारी हर्ष यादव से फ़ोन पर बात कराई उन्हें पीड़ित परिवार ने आपबीती सुनाई वही हर्ष यादव ने मदद का भरोसा उन्हें दिया। वही आपको बता दें मंगलवार शाम गोलू अहिरवार की रछवाई घोड़ी पर निकाली जा रही थी। जब गोलू अपने परिजनों के साथ लोधी मोहल्ले में दिवाले के समीप से गुजर रहा था। तभी विश्वनाथ सिंह लोधी, बिच्छू लोधी, घुप्पु और चिन्नू ने गोलू को रछवाई निकालने से मना करते हुए घोड़ी से उतरने के लिए कहा जब गोलू ने मना किया तब इन लोगों ने दूल्हे के साथ मारपीट कर दी साथ ही उसकी बहन मनीषा को भी बुरी तरह मारा था जिसमें गोलू गंभीर रूप से घायल हुआ था जहां घटना का वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। इसके बाद पीड़ित परिवार हटा थाने पहुंचा और पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। हटा थाना पुलिस ने चार आरोपियों पर एससी एसटी एक्ट व अन्य धारा में मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी। आरोपी घटना के बाद से फरार थे जिनकी तलाश में पुलिस टीम लगी हुई है। वही गांव में शांति व्यवस्था बनाने के लिए पुलिस बल लगाया गया था। बुधवार दोपहर टी आई सुधीर बेगी गांव पहुंचे तो उन्हें आरोपी नहीं मिले। टीआई बेगी ने बताया कि बिजोरी पाठक गांव में चार लोगों ने घोड़ी पर रछवाई निकालने के विवाद पर गोलू अहिरवार के साथ मारपीट की थी। इस मामले के चारों आरोपियों पर मामला दर्ज किया गया है जो फरार है। पुलिस उनकी गिरफ्तारी के लिए लगी हुई है जल्दी ही गिरफ्तार किया जाएगा। शांति व्यवस्था के लिए पुलिस बल गांव में लगाया गया है ताकि किसी प्रकार का कोई विवाद आगे ना बढ़ सके।

वही कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने भी मामले को गंभीरता से लिया है। उनके निर्देश पर कांग्रेस के प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार दोपहर पीड़ित परिवार से मुलाकात की है। जिसमें कांग्रेस जिला अध्यक्ष मानक पटेल, मनु मिश्रा, कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष योगेश गोलू सराफ शहर कांग्रेस अध्यक्ष दीपेश पटेरिया प्रदीप पटेल के साथ अन्य लोग शामिल थे। पीड़ित परिवार के घर जाकर कांग्रेस नेताओं ने विवाद का कारण जाना और परिवार को भरोसा दिलाया कि कांग्रेस उनके साथ खड़ी है जहां जैसी जरूरत पड़ेगी कांग्रेस उनका पूरा साथ देगी। आंदोलन करने की जरूरत पड़ेगी कलेक्ट्रेट का घेराव करना पड़ेगा तो कांग्रेस पीछे नहीं हटेगी। इसके अलावा कांग्रेस नेताओं ने पीड़ित परिवार से उनकी समस्याएं भी जानी। जहां दूल्हे की माँ ने बताया गाँव में पानी की समस्या है एक हैंडपंप घर के समीप है लेकिन गांव में छुआ छूत के कारण ऊंची जाति के लोग पानी नही भरने देते यदि हैंडपंप से पानी भरते हैं तो वह पूरा हैंडपंप धोते है उसके बाद किसी को पानी भरने देते हैं। सभी समस्याओं को सुनकर कांग्रेस के प्रतिनिधि मंडल ने निराकरण करने का आश्वासन दिया है। फोन पर जिला कलेक्टर प्रताप नारायण यादव से फोन पर बात कर घटनाक्रम की जानकारी दी। वही पूरे परिवार का कहना है जिन लोगों ने उनके बेटे के साथ मारपीट की है वह काफी दबंग है और गांव में आए दिन इसी प्रकार का विवाद करते रहते हैं। वही एसपी श्रुतकीर्ति सोमवंशी ने भी कहा है कि आरोपियों पर एनएसए की कार्रवाई के लिए कलेक्टर के पास प्रतिवेदन भेजा जाएगा।